# सम्प्राप्ति स्तर, बुद्धि-लब्धि एवं आयु वर्ग की भिन्नता के संदर्भ में किशोरों की समस्याओं का अध्ययन

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी की
शिक्षा शास्त्र विषय में पी-एच० डी०
उपाधि हेतु प्रस्तुत

2002

डा० रामलखन विश्वकर्मा
रीडर
शिक्षक प्रशिक्षण विभाग
डी० वी० कालेज, उरई

शोधकर्त्री
शिखा श्रीवास्तव

**डा0 राम लखन विश्वकर्मा**
रीडर, शिक्षक प्रशिक्षण विभाग,
डी0वी0 (पी0जी0) कालेज, उरई
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय

## प्रमाण पत्र

मुझे प्रमाणित करते हर्षानुभूति हो रही है कि सुश्री शिखा श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबन्ध **"सम्प्राप्ति स्तर, बुद्धि लब्धि एवं आयु वर्ग की भिन्नता के संदर्भ में किशोरों की समस्याओं का अध्ययन"** मेरे मार्ग दर्शन में पूर्ण किया है। यह शोध प्रबन्ध बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के शोध अध्यादेश के सभी उपबन्धों की पूर्ति करता है। यह शोध सर्वथा पी-एच0डी0 की उपाधि के योग्य है।

यह शोध प्रबन्ध उन्हीं के अनुसंधान, परिश्रम और अध्ययन का परिणाम है। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

पर्यवेक्षक

RM

डा0 रामलखन विश्वकर्मा

# घोषणा

मैं सत्यतापूर्वक घोषणा करती हूँ कि प्रस्तुत शोध – **'सम्प्राप्ति स्तर बुद्धिलब्धि एवं आयु वर्ग की भिन्नता के संदर्भ में किशोरों की समस्याओं का अध्ययन"** मेरी अपनी मौलिक कृति है एवं पहले कभी प्रस्तुत नहीं हुई है ।

शोधकर्त्री

शिखा श्रीवास्तव

शिखा श्रीवास्तव

# अर्पित सुमन

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध हेतु प्रारम्भ से लेकर उसकी समाप्ति तक श्रद्धेय **डा0 रामलखन विश्वकर्मा** से मुझे जो विद्धतापूर्ण उचित निर्देशन, दूरदर्शितापूर्ण प्रशिक्षण, प्रोत्साहन एवं सुलझा हुआ दृष्टिकोण असीम रूप से प्राप्त हुआ उसके लिये मैं सदैव ऋणी व श्रद्धावनत रहूँगी आपकी प्रेरणा मेरे लिये हर समय पथ प्रदर्शक रही उसे शब्दों में व्यक्त कर पाना मुश्किल है ।

शोध प्रबन्ध में संकलित तथ्यों के विश्लेषण के संदर्भ में विभिन्न पुस्तकालयों से सामग्री एकत्र की गई है । इस हेतु मैं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी , डी0वी0 कालेज, उरई अर्तरा कालेज अर्तरा के पुस्तकालयों के प्रति कृतज्ञता अर्पित करती हूँ ।

इस शोध प्रबन्ध को पूर्ण करने में **डॉ0 (श्रीमती) शैलजा गुप्ता** का सहयोग प्रशंसनीय है । समय –समय पर उनकी प्रेरणा ने मुझे इस शोध प्रबन्ध को पूर्ण करने में सहयोग दिया है । मैं उन्हें अपनी कृतज्ञता प्रगट करती हूँ ।

प्रस्तुत शोध कार्य के टंकण में श्री नीरज महरोत्रा जी का जो सहयोग मुझे प्राप्त हुआ वह सदैव स्मरणीय रहेगा ।

मैं अपने पिता श्री **प्रयाग नारायण श्रीवास्तव** व माता **श्रीमती विद्या श्री वास्तव** के प्रति श्रद्धा के साथ नतमस्तक हूँ । जिन्होंने शोध कार्य शुरू करने तथा शोध कार्य को पूरा करने के लिये समय–समय प्रेरणा स्त्रोत के रूप में कार्य किया मैं उनकी सदैव ऋणी रहूँगी । मैं अपने दोनो भाई अमित श्रीवास्तव व सौरभ श्रीवास्तव व बहिन प्रियंका श्रीवास्तव के प्रति कृतज्ञता प्रकट करती हूँ जिन्होंने समय–समय पर प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से शोध प्रबन्ध को पूरा करने में सहयोग दिया है ।

अंत में ईश्वर को श्रद्धा के साथ नमन करती हूँ जिनकी विशेष कृपा से यह शोध प्रबन्ध पूर्ण हो सका है ।

शिखा श्रीवास्तव
शिखा श्रीवास्तव

## सारिणी सूची

# विषय अनुक्रमणिका

| क्रमांक | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|

# प्रथम अध्याय

## प्रस्तावना

समस्त मानव जीवन ही शिक्षा है और शिक्षा ही जीवन है । जो कुछ भी व्यवहार हमारे ज्ञान की परिधि को विस्तृत करें, हमारी अन्तृदृष्टि को गहरा करें, हमारी प्रतिकियाओं का परिष्कार करें, हमारी भावनाओं और कियाओं को उत्तेजित करें अथवा किसी न किसी रूप में हमें विभाजित करें वह हमें शिक्षित करता है । व्यापक रूप में देखा जाय तो प्रत्येक मनुष्य के जीवन के प्रत्येक अनुभव को ही शिक्षा कहा जा सकता है । वर्तमान में सम्पूर्ण मनोवैज्ञानिक प्रकिया और प्रयोग की पद्धतियों का मूल स्त्रोत शिक्षा ही है ।

मनुष्य एक बुद्धिजीवी प्राणी है और जन्म से ही वह अपने आस–पास की प्रेरणाओं एवं अनुभवों व वातावरण से सीखता रहता है । बालक जन्म के समय अबोध शिशु होता है शनैः शनैः परिवार वातावरण समाज से सीखता रहता है ।कुछ समय पश्चात वह एक परिपक्व सामाजिक प्राणी बन जाता है । शिक्षा मनोविज्ञान की मात्रा में कह सकते हैं कि मनुष्य में वातावरण से अनुकूलन करने की प्रवृत्ति होती है । मानव भी गतिशील समाज की तरह गतिशील है । वातावरण से लाभ उठाना मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति है ।

परिवर्तन संसार का नियम है । मनुष्य भी इस संसार का अंश है इसलिये परिवर्तित संसार व समाज उसको प्रभावित करता रहता है । काफी समय पूर्व मानव की यात्रा का साधन ऊँट गाड़ी व बैलगाड़ी थी परन्तु वर्तमान में हमारी यात्रा का साधन अंतरिक्ष यान भी है जिसके द्वारा हम अंतरिक्ष में भ्रमण कर सकते हैं । यह सब परिवर्तन का ही प्रभाव है । जिसमें मनुष्य की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है । समय की इन्हीं परिवर्तित मान्यताओं, विचारों एवं स्वरूप से समाज के प्रत्येक व्यक्ति का जीवन प्रभावित रहता है ।

प्रगतिशील समाज में प्रत्येक व्यक्ति, समाज व समुदाय के अपने विचार, रीतियाँ, परम्परायें, आचार व व्यवहार अलग अलग होते हैं। प्रत्येक की रूचियाँ, अभिरूचियाँ,

आवश्यकतायें, योग्यतायें भी अलग अलग होती हैं । अलग – अलग योग्यतायें रूचियाँ व विचार इस संसार व समाज को परिवर्तित करने में अपना अपना अहम योगदान प्रदान करते हैं । अलग अलग भूमिका निर्वाह करने के पीछे ही मनोविज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है । जिसके द्वारा प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार, योग्यता, अनुभव व रूचि का आकलन होता है । जिसके द्वारा वह व्यक्ति की योग्यताओं व व्यवहार को परिमार्जित, परिवर्तित व परिवर्धित करके उसे समाज का महत्वपूर्ण प्राणी बनाया जाता है । इसी प्रकार ही रेमन्ट ने शिक्षा व मनोविज्ञान का मनुष्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान बताया है । "शिक्षा विकास का वह क्रम है जिससे मनुष्य अपने आपको आवश्यकतानुसार भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक वातावरण के अनुकूल बना लेता है ।

आज के युग में ज्ञान विज्ञान इतना विकसित हो गया है कि उसने मानव के विकास के इतिहास को लिपिबद्ध कर लिया है । मानव विकास के इतिहास में ज्ञान–विज्ञान की अनेक नई शाखाओं का विकास हुआ है । मनोविज्ञान व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक विकास के अनेक नवीन पहलुओं को प्रस्तुत करता है । जिससे नवीन उपलब्धियाँ प्राप्त होती हैं । व्यक्ति का जन्म विकास पतन तथा मृत्यु सदैव ही मानव के अध्ययन के लिये जिज्ञासा बने रहे हैं । आज व्यक्ति के विकास की विभिन्न अवस्थाओं का ज्ञान प्राप्त करना, अनेक नवीन पहलुओं का अध्ययन करने के लिये आवश्यक हो गया है । व्यक्ति के विकास के अन्तर्गत शैशवावस्था, बाल्यावस्था, किशोरावस्था व प्रौढ़ावस्था आदि की विशेषताओं, कमियों आदि का अध्ययन किया जाता है ।

विकास की इन अवस्थाओं में किशोरावस्था सबसे जटिल व महत्वपूर्ण अवस्था है । किशोरावस्था में जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक तथा संवेगात्मक परिवर्तन होते हैं वे व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण होते हैं । यह जीवन का सबसे कठिन काल है । सैद्धान्तिक दृष्टि से किशोरावस्था जीवन के प्रथम चरण की सर्वश्रेष्ठ पुनरावृत्ति मानी जाती है । वैयक्तिक एवं सांस्कृतिक भिन्नता के साथ–साथ किशोर काल जलवायु की भिन्नता के कारण विभिन्न देशों में विभिन्न उम्र पर पाया जाता है ।

एक किशोर न तो बालक होता है और न प्रौढ़ । हाई स्कूल के अंतिम वर्षों में अथवा कॉलेज जीवन के प्रथम , द्वितीय और तृतीय वर्षों में बालक प्रायः किशोरावस्था में ही होता है । उस समय उसकी बुद्धि, रूचि, अभिवृत्ति, सम्प्राप्ति एक दूसरे से भिन्न होती हैं, किशोर काल में विभिन्न गुण परिपक्व अवस्था में नहीं होते हैं । लेकिन प्रचुर मात्रा में होते हैं । इसलिये इस अवस्था में नयी नयी विशिष्ट समस्यायें उत्पन्न होती हैं । इस काल में शिक्षक का कर्तव्य होता है वह समस्याओं के स्वरूप और उनके कारण को भलीभाँति मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने का प्रयत्न करें जिससे किशोरो की समस्याओं का समाधान भलीभाँति हो सके और उनके व्यक्तित्व का उचित विकास हो ।

किशोर काल का अध्ययन अत्यन्त गम्भीरता से करना चाहिये क्योंकि इसी अवस्था से किशोर का महत्वपूर्ण विकास शुरू होता है । अतः यही इसी तथ्य पर आकर समस्या उभरती है कि विभिन्न किशोरों के विभिन्न गुणों का विकास किस प्रकार से किया जाये जिससे वह सामाजिक कुशल प्राणी बन सके ।

<u>समस्या की पृष्ठभूमि</u> :

मनुष्य की स्वाभाविक शक्तियों का प्राकृतिक, सर्वांगीण विकास ही शिक्षा है । शिक्षा मनुष्य की बौद्धिक , नैतिक, सामाजिक, आर्थिक आदि शक्तियों का विकास करती है । शिक्षा व्यक्ति के जीवन का आधारशिला है । शिक्षा ही विकास का पर्याय है । मानव जीवन के लिये शिक्षा एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है मानव में कुछ ऐसी मूल–भूत प्रवृष्टियाँ होती है जो सभ्यता तथा सामाजिक उपयोगिता की दृष्टि से उत्तम नहीं होती शास्त्रों में कहा गया है "जन्मना जायते शूद्रः संस्कारात् द्विज उच्चयते" यहाँ शूद्र उन्हीं मूलभूत प्रवृत्तियों को कहा गया है संस्कार अर्थात् शिक्षा के द्वारा परिमार्जित होने पर वह द्विज अर्थात् श्रेष्ठ गुणों से युक्त हो जाता है शिक्षा मानव को सभ्य बनाती है उसकी आदिकालीन बर्बरता को नष्ट करती है, मानव को सुखी एवं सभ्य सामाजिक जीवन की ओर उन्मुख करती है ।

काण्ट के अनुसार "मानव को पशु से मानव बनाने वाली प्रकिया केवल शिक्षा ही है, शिक्षा के अभाव में पशु मानव समान हो सकते है ।"

मानव अपने थोड़े से जीवन काल में समस्त उपयोगी वस्तुओं का ज्ञान अपने आप नहीं प्राप्त कर सकता, यदि उसे प्रकृति पर छोड दिया जाय संसार रूपी अगाध समुद्र को जीवन रूपी नौका से पार करने में शिक्षा मांझी का काम करती है, मानव के अन्तर्निहित सभी गुणों एवं शक्तियों को विकसित करती है । वर्तमान सम्भावनाओं से परिचित कराती है, मानवी अनुभवों का पुनः संगठन एवं पुर्ननिर्माण करती हैं ।

इस संसार में प्रत्येक मनुष्य सम्पूर्ण इकाई है तथा प्रकृति की यह अद्‌भुत रचना है, प्रत्येक मानव के अंग एक जैसे होते हैं, छोटे, बडे, मोटे, पतले तो हो सकते हैं, टॉगे दो दो होती है तो असामान्य परिस्थितियों को छोडकर दो ही होगीं, यह उनसे चलेगा ही, यही बात हम नाक, कान, हाथ मस्तिष्क, ऑख या अन्यान्य अंगों के लिये भी कह सकते हैं । यही दशा मनुष्य के मनोभावों की भी होती है प्यार का, प्रसन्नता का एवं दुःख का आभास आदि प्रत्येक मनुष्य में होते हैं । भारतीय संस्कृति तो इस बात को भी मानती है कि प्रत्येक जीवित मानव में काम, कोध, लोभ, मोह एवं अहंकार के बीज होते हैं, यह बात और है कि प्रयोग रचनात्मक रूप ले या असामाजिक । समस्या तब उत्पन्न होती है, जब किसी इन्सान की आकांक्षायें, प्रवृत्तियॉं, इच्छायें या मनोभाव किसी बाध्य सम्बन्ध से टकराते हैं । ये बाह्य सम्बन्ध पारिवारिक, सामाजिक या आर्थिक कोई भी हो सकते हैं, ज्यों ही टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है त्यों ही मनुष्य के भीतर कुछ द्वन्द्व उत्पन्न होता है । इस समय बुद्धि या अनुभव ने मिलकर या अकेले बाह्य प्रभाव को समोह लिया या अन्य किसी के द्वारा उसे उचित दिशा निर्देश मिल गया तो मनुष्य का जीवन प्रवाह नित्य की तरह आगे चलता रहता है उदाहरणतः यदि व्यक्ति के अहम् को किसी और व्यक्ति ने आधात पहुॅचाया और बुद्धि ने केवल इतनी आवाज दी "कोई बात नहीं इस पर क्या झगड़ा करना तब तो समस्या उत्पन्न नहीं होगी, और अगर मनोभाव बाह्य आधात को सहन न कर सके और

बुद्धि भी घबराये तो व्यक्ति या तो खुद पर क्रोध उतारेगा अथवा दूसरे पर आक्रामक प्रतिक्रिया करेगा और अगर वो ये न कर सका तो लाख बचने पर भी उसके अचेतन मन में वह बात बैठ जायेगी और यही स्थिति समस्या उत्पन्न कर देती है ।

प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे से भिन्न है, उनमें व्यक्तिगत भिन्नतायें तो निश्चित हैं ही और यदि दो व्यक्तियों का वातावरण, परिवार, स्तर, आयु, योग्यता एवं बुद्धि, स्नेह, प्यार, सहानुभूति, ममता एवं वात्सल्य से वंचित बालक जिन्हें भाग्य की प्रतिकूलताओं ने विकसित होने से पूर्व ही धराशायी कर दिया है, उसका व्यक्तित्व, उसकी समस्यायें निश्चय ही उस बालक से भिन्न होगीं जिसका बचपन माता–पिता के ममत्व, वात्सल्य एवं स्नेह की छाया में पल्लवित एवं परिवर्धित हुआ है ।

इस समाज में प्रत्येक व्यक्ति समस्याओं से घिर हुआ है और लगभग सभी की समस्यायें एक दूसरे से भिन्न होती है । यह भी निर्विवाद रूप से सत्य है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी समस्या का समाधान अलग अलग ढंग से करते हैं तथा समस्या एक होने पर भी एक व्यक्ति उसी समस्या के प्रति सहज भाव से प्रतिक्रिया व्यक्त करता है एवं प्रसन्नता का अनुभव करता है जबकि दूसरा सदैव समस्याओं से बचने अथवा अस्वीकार करने की चित्तवृत्ति में रहता है ।

सामान्यतः वातावरण, पारिवारिक पृष्ठभूमि, आर्थिक स्तर इत्यादि को मुख्यतः समस्याओं के प्रभावक तत्व मानते हैं अब प्रश्न यह उठता है कि क्या संप्राप्ति स्तर, बुद्धि लब्धि, आयु वर्ग की भिन्नता एवं सामाजिक स्तर की भिन्नता समस्याओं को प्रभावित करती है ? यदि हॉं तो किस सीमा तक ? क्या उचित निर्देशन से समस्याओं का समाधान किया जा सकता है ? ये प्रश्न एक शोध समस्या निर्माण के लिये मार्गदर्शन देते हैं । एतदर्थ एक अनुसंधान की आवश्यकता प्रतीत होती है कि संप्राप्ति स्तर, बुद्धिलब्धि, आयुवर्ग की भिन्नता एवं सामाजिक स्तर की भिन्नता के कारण किशोरों की समस्याओं पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन किया जाये एवं उनके उचित निर्देशन हेतु सुझावों का निर्धारण किया जाये ।

किशोरों को अध्ययनार्थ इसलिये चुना गया है क्योंकि वे समाज व राष्ट्र के भावी कर्णधार है तथा समाज से उन्हें काफी अपेक्षायें रहती है । किशोर वर्ग को अपनी इस अवस्था में शारीरिक, मानसिक, भावात्मक, नैतिक एवं वास्तविक स्तर पर जो अनुभव होते हैं, वह वास्तव में जटिल और एक सीमा तक अलग प्रकार के होते हैं, क्योंकि वह बीच की अवस्था में होते हैं न बालक और न ही युवा जब कि युवा होते मन में असीम उत्साह, उत्कंठा, विचार कुछ करने की बलवती इच्छा आदि प्रचुर मात्रा में होती है । इसलिये किशोर वर्ग की समस्याओं का अध्ययन करके उनके सकारात्मक पक्ष को विकसित करना आवश्यक है ।

<u>किशोरावस्था में समस्याओं का कारण एवं किशोर</u> :

किशोर ही वर्तमान की शक्ति व भावी आशा को प्रस्तुत करता है । मानव विकास की विभिन्न अवस्थाओं में से किशोरावस्था विकास की तीसरी अवस्था है । सैद्धान्तिक दृष्टि से कैशोर्य जीवन के प्रथम चरण की सर्वश्रेष्ठ पुनरावृत्ति मानी जाती है । इस अवस्था में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं संवेगात्मक परिवर्तन होते हैं, वे व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण होते हैं वह जीवन का सबसे कठिन काल है । इस अवस्था में न तो बालक समझा जाता है और न ही प्रौढ़ । इस समय बालक पुनः अस्थिर हो जाता है । उत्तरा बाल्यकाल में जो स्थिरता आती है वह समाप्त हो जाती है और शारीरिक एवं मानसिक व्यवस्थापन पुनः अस्त व्यस्त हो जाता है ।

किशोरावस्था का दौर परिवर्ती काल (ट्रांजीशनल पीरियड) होता है । जो बहुत से तनाव, टकराव और सामन्जस्य की समस्याओं से भरपूर होने की प्रवृत्ति रखता है । जन्म के बारे में किसी भी अवस्था में इतना ट्रीजीशन नहीं होता है जितना किशोरावस्था में होता है । इंग्लैण्ड की हैडो कमेटी रिपोर्ट के अनुसार :-

There is a tide which begings to rise in the views of youth at the age of eleven or twelve. It is called by the name of adolescence. If that tide can be taken at the flood and a new voyage begun in strength and

along the flow of its current. We think that it will more on the fortune.

किशोरावस्था संघर्ष, तनाव, तूफान तथा विरोध की अवस्था है । इस काल में किशोर को बिल्कुल नवीन संसार दृष्टिगोचर होता है परन्तु कार्य चिन्तन एवं अनुभूति की पुरानी आदतो से वह अपना मन पूरी तरह विमुख नहीं कर पाता है । उसे नयी सफलता पाने के लिये संघर्ष करना पड़ता है । वह बड़ी बड़ी आशायें बाँधता है । दिवा स्वप्न देखता है । इस अवस्था में किशोर अधिक ही महत्वाकांक्षी व कल्पनाशील होता है । किन्तु यथार्थ के धरातल पर बहुत सा अंश अपरीक्षित, अचित्रित, निर्जन प्रदेश जैसा होता है ।

किशोरावस्था का उचित उदय काल, वैयक्ति एवं सांस्कृतिक भिन्नता के साथ – साथ किशोर काल की जलवायु के कारण भी विभिन्न देशों में विभिन्न उम्र पर पाया जाता है । कैशोर्य के शारीरिक परिवर्तन के चिन्ह गर्म देश में शीघ्र दृष्टिगोचर होते हैं जबकि ठंडे देशों में कुछ वर्ष उपरान्त । उदाहरण के लिये इंग्लैण्ड में किशोर काल का प्रारम्भ लगभग पन्द्रह या सोलह वर्ष से माना जाता है जबकि भारत में किशोर काल का उदय लगभग तेरह वर्ष से माना जाता है । हालाँकि किशोरावस्था की कोई बिल्कुल निश्चित अवधि नहीं है । फिर स्थूल रूप से समय वह माना जाता है जब नव वयस्कों में योवनारम्भ के लक्षण दिखाई पड़ने लगते हैं ।

किशोर काल में शारीरिक विकास के स्पष्ट लक्षण स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होने लगते हैं इस अवस्था में व्यक्ति लगभग अपनी पूरी लम्बाई पर पहुँच जाते हैं । एक और महत्वपूर्ण परिणाम यह होता है कि किशोर–किशोरियों में यौन–परिपक्वता आ जाती है, इस अवस्था में सामान्यतः मानसिक क्षमताओं की पूर्ण उपलब्धि भी हो जाती है । किशोरावस्था के समाप्त होते–होते लगभग सभी किशोर–किशोरियों में ये अपेक्षा की जाती है कि प्रौढ़ावस्था में प्रवेश करने पर वह एक नागरिक के रूप में उत्तरदायित्व वहन करने को तैयार रहेगा । किशोरावस्था के उत्तरार्द्ध में पहुँचने पर बहुतेरे लोग इस तथ्य से अधिकाधिक अवगत होते जाते हैं कि जीवन के कुछ निर्णय

और जीवन संघर्ष के कुछ ऐसे पक्ष भी हैं, जिनका सामना व्यक्ति को अकेले ही करना पड़ता है, भले ही उसके शुभेच्छुओं और मित्रों की संख्या अनेक हो । ज्यों–ज्यों अपनी रूचियों कर्तव्यों और विश्वासों के सम्बन्ध में युवा व्यक्ति की धारणा स्पष्ट हो तो जाती है, उसे संभवतः इसकी भी अधिक जानकारी हो जाती है कि वह अन्य लोगों से किन बातों में भिन्न है ।

किशोरावस्था में मानसिक विकास बहुत शीघ्रता से एवं अधिक मात्रा में होता है । यह वह समय जब बुद्धि अपने विकास के चरम बिन्दु पर पहुँचती है किशोरावस्था प्रारम्भ होते ही यह विकास प्रारम्भ हो जाता है और किशोरावस्था के अंतिम काल तक सीखने की योग्यता पूर्ण हो जाती है । इस काल में मानसिक गुण जैसे कल्पना, स्मृति दिवा स्वप्नों की अधिकता, तर्क निर्णय शक्ति में वृद्धि आदि पाये जाते हैं । इस अवस्था में मानसिक स्वतन्त्रता की भावना प्रबल होती है । किशोर बड़े के आदेशों, विभिन्न परम्पराओं , रीति–रिवाजों और अन्ध विश्वासों के बन्धन में नहीं रहना चाहता है । किशोर–किशोरी अंशतः आमूल परिवर्तनवादी होते हैं । नवीन अपरिचित क्षेत्रों में बढ़ चलने की उत्तेजना होती है । वहीं वे दूसरी ओर अतीत में निवास करते हैं । अतीत में उनका जीवन जैसा होता है उसी पर उनकी भविष्य की कल्पना भी निर्भर रहती है ।

किशोरावस्था में ही किशोर अपने भावी व्यवसाय को चुनने के प्रति चिंतित होता है जिसका प्रभाव उसके जीवन के शेष भाग पर भी पड़ता है । इन अवस्था में जिन अनुभवों के आधार पर निर्णयों का निर्माण किया जाता है उन अनुभवों की प्राप्ति के पूर्व ही अनेक व्यक्तियों को भविष्य के लिये किसी निर्णय को बदलना, अपने को मोड़ लेना और अपनी जीवन दशा को पलट देना कठिनतर होता है, पूर्व में किये निर्णयों का बंधन दृढ़तर हो जाता है । व्यवसाय चुनाव करने के साथ–साथ इसी अवस्था में किशोर–किशोरियों को शिक्षा सम्बन्धी भी अनेक चुनाव करने पड़ते हैं कि वे पढ़ाई छोड़ दे या जारी रखे । हाई स्कूल या इण्टर के बाद आगे पढ़ाई करें । अथवा किसी दूसरे प्रकार के औपचारिक प्रशिक्षण के लिए तैयारी करें । इस अवस्था में किशोर– किशोरियों को आज के लिये जीना एवं कल के लिये पूर्वायोजन करना होता है ।

शैशवावस्था की स्वार्थ भावना, किशोरावस्था में परमार्थ भावना का रूप ले लेती हैं । इस समय किशोर में त्याग व बलिदान की भावना प्रबल दिखाई देती है । किशोरो में आत्म सम्मान की भावना प्रबल होती है । आत्म सम्मान की भावना के फलस्वरूप किशोरो में आत्म निर्भर तथा स्वतन्त्र जीवन व्यतीत करने की भावना जागृत होती है । अतः इस अवस्था में उनके साथ अमनोवैज्ञानिक व्यवहार न करके प्रेम व सहानुभूति द्वारा उचित बातों की शिक्षा देनी चाहिये । किशोर–किशोरियों पर निजी आन्तरिक दबाब तो पड़ते ही हैं उसके अतिरिक्त उसके समाज में ऐसी परिस्थितियाँ होती हैं, जो लक्ष्य तक पहुँचने के अनेक प्रयत्न को जटिल बना देती है, उदाहरणार्थ उस व्यक्ति के लिये जो अपनी कार्य–क्षमताओं को चरितार्थ करना चाहता है, यह बात बड़े महत्व की है वह अपने पैरो पर खड़ा होना स्वतन्त्र रूप से सोचना और आत्म–निर्णय करना सीखे, किन्तु प्रबल सामाजिक शक्तियों से जूझते हुए इस ध्येय की प्राप्ति उसके लिये संभव नहीं हैं, चारों ओर से उस पर परम्परा के अनुरूप चलने के लिये दबाब पड़ते रहते हैं । उसे उसी ढंग से सोचना चाहिये जैसे और सोचते हैं । उनकी अनुभूतियाँ वैसी ही होनी चाहिये जैसी औरो की हैं । उसी प्रकार के व्यक्ति को अपना जीवन साथी चुने जैसा "वे" ठीक समझते हैं । इसी प्रकार के अन्य दबाब भी उस पर पड़ते हैं समाज के साथ सुसमंजित होने के लिये लोग उस पर जोर डालते हैं जिसका अक्सर परिणाम उसे अपने अच्छे और स्वस्थ हितों की बलि देकर भुगतना पड़ता हैं ताकि वह समूह के हितों के अनुसार चल सके । नैतिक क्षेत्र में अनेक अन्य परस्पर विरोधी दबाब होते हैं, लोग कहते है व्यक्ति को जी खोलकर उदारता बरतनी चाहिये और किशोर–किशोरों चारों ओर तीव्र और अवसर बहशी ढंग की प्रतियोगिता देखता है, अपने अधिकारों के लिये उन्हें तनकर खड़ा होना चाहिये पर कोई बेवजह भी एक गाल पर मारे तो दूसरा गाल भी घुमा देना चाहिये ।

किशोरावस्था में किशोर एवं किशोरों में तर्क की मात्रा प्रचुरता में व्याप्त होती है । वह माता–पिता व बड़े लोगों के साथ स्वस्थ संबंध स्थापित कर पाने में असुविधा महसूस करते हैं । यद्यपि दीर्घकाल तक किशोर एवं किशोरियाँ अपने माँ–बाप पर निर्भर रहते हैं । वे रात दिन

उनसे सम्बद्ध रहते हैं तथापि बड़े होकर उनमें स्वयं कुछ कर गुजरने की इच्छा बलवती हो जाती है । इसलिये उनके आचार–विचार व व्यवहार में आदि में व पूर्ववर्ती पीढ़ी के आचार विचार व व्यवहार में टकराव होता है । अतः इस अवस्था में माता–पिता, शिक्षक आदि का कर्तव्य है कि उनसे स्वस्थ संबंध स्थापित करके उनका सही मार्गदर्शन करें । किशोर सफलता प्राप्ति के लिये अवसर चाहता है । वह चाहता है कि वह कुछ ऐसा कार्य करे जिससे लोभ उसकी सहायता करें उसे बहुत कुछ समझे । किसी न किसी प्रकार उनकी आत्म प्रदर्शन की तीव्र भावना रास्ता खोजना चाहती है । अतः शिक्षित समुदाय को यह चाहिये कि उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करें जिनके द्वारा वह इच्छित कार्यो को पूर्ण कर दूसरे लोगों की सहायता का पात्र बन सके और वह अपनी आत्म प्रदर्शन की भावना की भी परितुष्टि भी कर सके ।

किशोरावस्था सामाजिक व्यवस्थापन का समय है । उस काल अवधि में व्यक्ति सामाजिक संबंधों के बहुत से पाठ पढ़ता और बहुत से सामाजिक अनुभव प्राप्त करता है तथा सामाजिक परिस्थितियों में अपने को व्यवस्थित करने की चेष्टा करता है । किशोर काल के प्रारम्भ में बालक और बालिकाओं की मित्रता तीव्र संवेगों के ऊपर आधारित होती है । उत्तर किशोर काल में उस मित्रता का आधार वैयक्तिक दृष्टिकोण एवं रूचियों में समानता होती है । इस काल की मित्रता में एक दूसरे के प्रति दृढ़ प्रेम एवं प्रगाढ़ भक्ति होती है । वे एक दूसरे के प्रति वफादार होते हैं ।

डॉ0 जान के अनुसार शैशवकालीन काम भावना की पुनरावृत्ति किशोरावस्था में अधिक तीव्र एवं उच्चतर रूप में होती है । यह अवस्था उत्तर बाल्यकालीन सुसुप्त भावना का जागृति काल है । उसमें काम प्रवृत्ति जागृत होकर तीव्र रूप धारण करती है तथा व्यक्ति में प्रजनन शक्ति आ जाती है । इस अवस्था में किशोर अपने शरीर से भी प्रेम करने लगता है ।

मनोविज्ञान की भाषा में किशोरावस्था के समस्याओं की अवधारणा अमेरिका की प्राग्रेसिव एजुकेशन एसोसियेशन द्वारा अध्ययन के साथ उत्पन्न हुई । आर0जे0 हैविंग हर्स्ट ने अपनी पुस्तक किशोरावस्था की समस्याओं को समझकर पहचानकर इनके 10 कृकत्य बताये हैं –

1— विलिंग सदस्यों से सन्तोषजनक एवं परिपक्व सम्बन्ध,

2— सामाजिक रूप से स्वीकृत यौन भूमिका की पहचान एवं प्राप्ति ।

3— अपनी को देह को स्वीकार करना तथा उसका प्रभावी प्रयोग ।

4— प्रौढ़ो से भावात्मक मुक्ति प्राप्त करना ।

5— आर्थिक स्वतन्त्रता का विश्वास अर्जित करना ।

6— व्यवसाय का चयन एवं उसके लिये तैयार होना ।

7— विवाह एवं पारस्परिक जीवन के लिये तैयार होना ।

8— बौद्धिक कौशल को विकसित करना तथा नागरिकता के लिये अनिवार्य विचारों को विकसित करना ।

9— सामाजिक रूप से स्वीकृत व्यवहार को चाहना एवं प्राप्ति ।

10— व्यवहार निर्देशन की आवश्यकता महसूस करना ।

इन कृकत्यों की प्राप्ति के लिये अनेक समस्यायें आती हैं जो किशोरावस्था की प्रमुख समस्यायें हैं —

1— स्वयं के शरीर में आये परिवर्तनों को स्वीकार करने की समस्या ।

2— उभयलिंगी साथियों के साथ नवीन व अधिक परिपक्व सम्बन्ध स्थापित करने की समस्या

3— अपने लिंग की भूमिका को सीखने व स्वीकार करने की समस्या ।

4— माता—पिता तथा अन्य व्यस्कों से संवेगात्मक स्वाधीनता की समस्या ।

5— आर्थिक स्वाधीनता की समस्या ।

6— जीवन दर्शन एवं मूल्यों के प्राप्त करने की समरया ।

<u>समुचित निर्देशन की आवश्यकता</u>:

मानव जीवन की परिधि व्यापक है, व्यक्ति की समस्यायें भी बहुमुखी है । शिक्षा, व्यवसाय, स्वास्थय, घरेलू समस्यायें, अतिरिक्त समय का उपयोग, लोक व्यवहार आदि अनेक क्षेत्रों

में व्यक्ति निर्देशन की आवश्यकता महसूस करता है, इन क्षेत्रों को दृष्टि में रखते हुये विद्वानों ने निर्देशन के अनेक प्रारूप बताये हैं, प्रॉक्टर ने छः प्रकार का निर्देशन बताया है – शैक्षिक, व्यावसायिक, सामाजिक एवं नागरिक कार्यों में स्वास्थय एवं शारीरिक समस्याओं के लिये, अवकाश के लिये एवं चरित्र निर्माण के लिये, पैटरसन ने शैक्षिक, व्यावसायिक , व्यक्तिगत स्वास्थय सम्बन्धी एवं आर्थिक निर्देशन सम्बन्धी प्रारूपों का उल्लेख किया है, ब्रिवर के अनुसार शैक्षिक निर्देशन, व्यावसायिक निर्देशन धार्मिक निर्देशन, घरेलु सम्बन्धों में निर्देशन नागरिकता के लिये निर्देशन, अवकाश के लिये निर्देशन, वैयक्तिक निर्देशन उन्नति के लिये, निर्देशन उचित ढंग से कार्य करने के लिये निर्देशन, सहयोग एवं विचार सम्बन्धी निर्देशन तथा सांस्कृतिक कार्य सम्बन्धी निर्देशन, निर्देशन के प्रारूप हैं । उपरोक्त सभी प्रारूपों में से शैक्षिक एवं व्यवसायिक तो सर्वमान्य है तथा अन्य प्रारूपों को व्यक्तिगत निर्देशन में रखा जा सकता है । इस प्रकार निर्देशन के तीन प्रमुख प्रारूप शेष बचते हैं ।

1– शैक्षिक निर्देशन

2– व्यावसायिक निर्देशन

3– व्यक्तिगत निर्देशन

शैक्षिक निर्देशन, निर्देशन का एक महत्वपूर्ण प्रारूप है किन्तु यह व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत निर्देशन की सीमाओं को भी स्पर्श करता हुआ चलता है । जी0ई0 मायर्स के अनुसार "शैक्षिक निर्देशन छात्र के विकास या शिक्षा के हेतु अनुकूल परिस्थितियाँ उत्पन्न करने के लिये छात्र के विभिन्न गुणों एवं विकास के अवसरों के विभिन्न समूहों के बीच सम्बन्ध स्थापित करने वाला प्रक्रम है" रूटा स्ट्रैंग का मत है कि "शैक्षिक निर्देशन का उद्देश्य व्यक्ति को उचित पाठ्यक्रमों के वरण एवं उसमें प्रगति करने में सहायता देता है ।

किशोर काल का अध्ययन अत्यन्त गम्भीर एवं विशिष्ट प्रकार से करना चाहिये क्योंकि इस अवधि में अपराधों की संख्या सबसे अधिक होती है । को एण्ड को ने कहा है —– "किशोर ही

वर्तमान की शक्ति और भावी आशा को प्रस्तुत करता है । अतः किशोरावस्था में शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक तथा सामाजिक आवश्यकताओं के अनुसार ही शिक्षा का स्वरूप निर्धारित होना चाहिये ।

किशोर काल जीवन का सबसे कठिन और नाजुक समय है । इस समय किशोर में शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से क्रांतिकारी परिवर्तन होते हैं । इसी अवस्था में वह अच्छा या बुरा देश प्रेमी , देशद्रोही, धार्मिक, अधार्मिक , परिश्रमी अकर्मण्ड, सभ्य शिष्ट व सामाजिक या असभ्य, अशिष्ट असामाजिक आदि बन सकता है । शैक्षिक दृष्टि से यह काल अत्यन्त महत्वपूर्ण है । इस सम्बन्ध में वैलेन्टाइन का यह वाक्य उल्लेखनीय है –

"After long preaching on the part of psychologists, the great importance of the period of adolescence from an educational point of view is at last being widely recognised.

किशोरों को अक्सर भावी व्यवसाय की समस्या से चिन्तित रहना पड़ता है । उन्हें उचित मार्ग दर्शन नहीं मिल पाता है । समायोजन जीवन का सूत्र है । शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य है – जीवन की विभिन्न परिस्थितियों के मध्य समायोजन उत्पन्न करना । आज किशोरों से उत्पन्न छात्र असंतोष की समस्या के रूप में महत्व दिया जा रहा है । उचित निर्देशन ही इस बुनियादी समस्या का समाधान है ।

किशोरावस्था की सबसे बड़ी देन है – किशोरो के सोचने – विचारने और व्यवहार में मूल्यों का परिवर्तन होना । उनके स्वभाव में उदारता व सहनशीलता भी आ जाती है और व सत्य का निरूपण तथ्यों के आधार पर करता है । शिक्षाशास्त्रियों द्वारा किये गये अध्ययनों से यह पता चला है कि किशोरावस्था में बालक का व्यवहार अपने माता–पिता से भी बदल जाता है । वह नहीं चाहता है कि उसकी आलोचना की जाय उसके नैतिकता संबंधी दृष्टिकोण भी बदल जाते हैं । अतः आवश्यक है किशोर मन की आवश्यकतायें, परिकल्पनायें व उनकी क्षमताओं आदि व विस्तृत अध्ययन करने के पश्चात ही उनका समुचित मार्गदर्शन किया जाय । अध्यापक किशोरो की

इस प्रकार कहा जा सकता है यदि समस्या पीड़ित व्यक्ति को उचित समय पर निर्देशन मिल जाय तो उनके व्यक्तित्व का पूर्णरूपेण विकास निर्बाध रूप से हो सकता है । अर्थात् निर्देशन एक ऐसी प्रकिया है जिसकी सहायता से व्यक्ति समस्याओं को सुलझता हुआ लक्ष्य प्राप्त कर सकता है ।

**1.4 समस्या कथन :**

समस्या स्वयं में एक जटिल शब्द है और समस्याओं के कारण क्या है ? अथवा समस्याओं किससे प्रभावित होती है ? यह एक प्रश्न समस्त शिक्षाविदों एवं मनोवैज्ञानिकों के समक्ष एक चुनौती भरा प्रश्न चिन्ह उभार देता है, हालोंकि इस प्रश्न पर अलग–अलग विषयों में खोज की गई है मगर इसके पीछे कौन से कारण है यह स्पष्ट रूप से बता पाना असम्भव नहीं तो कठिन तो अवश्य है ।

अधिकांश लोग इसका कारण वातावरण को मानते हैं, मगर एक समान वातावरण होते हुए भी समस्याओं में भिन्नता पाई जाती है, जब इसकी तहों को उठाकर कारणों का अनावरण करते हैं तो अनेकानेक कारण उभरते हैं यथा संप्राप्ति की भिन्नता, बुद्धि लब्धि की भिन्नता, आयु वर्ग की भिन्नता, सामाजिक स्तर की भिन्नता आदि ।

अनुसंधात्री द्वारा इन समस्याओं की अनुभूति स्वयं एक हद तक अपने जीवन काल में हुई है । सबको समान सुविधायें, समान वातावरण एवं समान स्नेह प्राप्त होते हुये कुछ की समस्यायें अधिक कुछ की कम थी अर्थात् समस्याओं में असमानता थी, अब प्रश्न यह उठता है कि क्या विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ रहे किशोरों की संप्राप्ति स्तर, बुद्धि लब्धि, आयु वर्ग की भिन्नता एवं सामाजिक स्तर की भिन्नता भी उनकी समस्याओं पर प्रभाव डालती है ? यदि हॉ तो किस स्तर तक उनकी समस्यायें उनकी संप्रप्ति, बुद्धि लब्धि, आयु एवं सामाजिक स्तर से प्रभावित होती है ? क्या निर्देशन द्वारा इस प्रभाव को कम किया जा सकता है ये प्रश्न शोध को एक दिशा प्रदान करते

हैं । अतः शोधकर्त्री ने निम्नांकित समस्या को अध्यनार्थ चयन किया है । "संप्राप्ति स्तर, बुद्धि लब्धि एवं आयु वर्ग की भिन्नता के संदर्भ में किशोरों की समस्याओं का अध्ययन "

1.5 अध्ययन में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों की व्याख्या :–

**शैक्षिक संप्राप्ति :** विद्यालयी विषयों या प्राप्त ज्ञान में विकसित कुशलता जो कि प्रायः परीक्षणों में प्राप्त अंकों या शिक्षक द्वारा दिये अंकों से ज्ञात की जाती है, शैक्षिक संप्राप्ति है । सम्प्राप्ति का अर्थ "डिक्शनरी आफ विहेविरल साइस में स्पष्ट किया है कि — "संप्राप्ति शैक्षिक कार्यो में प्राप्त की गई क्षमता का स्तर है यह सफलता विशिष्ट अथवा सामान्य स्तर की हो सकती है ।" इसे दो भागों में विभक्त किया गया है –

1– **उच्च संप्राप्ति** – कक्षा में प्राप्तांको के आधार पर विगत वर्ष की वार्षिक परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली किशोरियाँ ।

2– **निम्न संप्राप्ति** – कक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाली किशोरियाँ ।

**बुद्धि लब्धि :**

बुद्धि लब्धि परिपक्वता की गति का मापक है , इसके द्वारा हम व्यक्ति के बुद्धि स्तर का मापन करते हैं, किस अवस्था में व्यक्ति की कितनी बुद्धि होनी चाहिये, इसका निर्धारण बुद्धि लब्धि द्वारा किया जाता है । शोधकर्त्री ने बुद्धि लब्धि ज्ञात करने के लिये किशोरियों की बुद्धि के तीन स्तर निर्धारित किये हैं ।

1– उच्च बुद्धि लब्धि

2– सामान्य बुद्धि लब्धि

3– निम्न बुद्धि लब्धि

बुद्धि लब्धि ज्ञात करने का सूत्र निम्नांकित हैं –

$$\text{बुद्धि लब्धि} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{शारीरिक आयु}} \times 100$$

या

वास्तविक आयु

**आयु स्तर** -- हर्लोक के अनुसार "लैंगिक परिपक्वता एवं आयु में वैयक्ति भिन्नताओं के कारण किशोरावस्था को तीन अवस्थाओं में बाँटा जा सकता है ।

1– पूर्व किशोरावस्था 10 से 13 वर्ष तक

2– मध्य किशोरावस्था 14 से 17 वर्ष तक

3– उत्तर किशोरावस्था 18 से 21 वर्ष तक

<u>समस्यायें</u> :

"वस्तुतः समस्या का जन्म उस परिस्थिति में होता है जिसमें हम यह अनुभव करते हैं कि कुछ बात ऐसी है जिसके सम्यक समाधान के बिना कठिनाइयों का अस्तित्व बना ही रहेगा ।" प्रस्तुत अनुसंधान में निम्नांकित क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं को ज्ञात करने के लिये अनुसंधात्री ने "युवा समस्या अभिरूचि" का निर्माण किया है ।

1– पारिवारिक समस्यायें

2– सामाजिक समस्यायें

3– व्यावसायिक समस्यायें

4– शैक्षिक समस्यायें

5– शारीरिक समस्यायें

6– संवेगात्मक समस्यायें

7— व्यक्तिगत समस्यायें

8— तिलिंगी समस्यायें

1.6 <u>अध्ययन के उद्देश्य</u> :—

संसार की प्रत्येक वस्तु, विचार तथा कार्य के लाभदायक परिणामों को तभी प्राप्त किया जा सकता है । जबकि उनके अपने पूर्ण निश्चित उद्देश्य हों । यही सत्य शोधकार्य के लिये भी लागू होता है । बिना उद्देश्यों को निर्धारित किये कार्य को समुचित एवं सुचारू रूप से आगे बढ़ाना असंभव हो जाता है । उद्देश्य हीन शोधकार्य सागर की लहरों पर उठती गिरती दिशा विहीन नौका के सदृश है । प्रस्तुत शोधप्रबन्ध की सफलता के लिये निम्नांकित उद्देश्यों को निर्धारित किया गया है ।

1— संप्राप्ति की भिन्नता के कारण समस्याओं पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना ।

2— बुद्धि लब्धि की भिन्नता के कारण समस्याओं पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना ।

3— आयु वर्ग की भिन्नता के कारण समस्याओं पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना ।

4— सामाजिक स्तर की भिन्नता के कारण समस्याओं पर पडने वाले प्रभाव का अध्ययन करना ।

5— समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशन के लिये निर्देशन देना ।

1.7 <u>प्राक्कल्पनाओं</u> :

अनुसंधान की प्रकिया में परिकल्पना एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है, शोध विषय के बारे में प्रारम्भिक ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् शोधकर्ता अपने दिमाग में एक ऐसा सिद्धान्त बना लेता है । जिसके बारे में यह कल्पना करता है कि यह सिद्धान्त शायद उनके अनुसंधान का आधार सिद्ध हो सकता है, ऐसे काल्पनिक निष्कर्ष को वह अन्तिम मानकर नहीं चलता है उसकी प्रामाणिकता अपने अनुभव तथा वास्तविक तथ्यों द्वारा सिद्ध करने की कोशिश करता है ।

परिकल्पना का निर्माण समस्या की प्रकृति पर निर्भर करता है । यह एक भी हो सकती है लेकिन यदि समस्या सर्वेक्षण प्रकार की है तो अनेक की हो सकती है । यदि समस्या बहुत जटिल अथवा प्रयोगात्मक हो तो एक ही परिकल्पना लेना उपयुक्त होता है । लेकिन तथा मेयर का कहना है "प्राक्कल्पना के अभाव में अनुसंधान एक अनिर्दिष्ट, विचारहीन भटकते राही के समान है, जिसकी उपलब्धियों का स्पष्ट अर्थों वाले तथ्यों में स्थान नहीं दिया जा सकता है । प्राक्कल्पना सिद्धान्त एवं अनुसंधान के बीच एक आवश्यक कड़ी है जो ज्ञान प्राप्त करने में सहायक है ।

**गुडे तथा हेट के अनुसार** – "प्राक्कल्पना इस बात का वर्णन करती है कि हम क्या देखना चाहते हैं । प्राक्कल्पना भविष्य की ओर देखती है । यह एक तर्कपूर्ण वाक्य है जिसकी वैधता की परीक्षा की जाती है । यह सही भी सिद्ध हो सकती है और गलत भी ।"

**यंग के अनुसार** – "उपकल्पना अध्ययन को निश्चायात्मकर्ता प्रदान करती है तथा शोधकार्य में समस्या को उचित ढंग से समायोजित करके उपयुक्त विधियों के निर्धारण से पहले अध्ययन के सभी आधारभूत उद्देश्यों को सामने रखकर शून्य प्राक्कल्पनाओं का निर्माण किया । जिसका तात्पर्य यह है कि जिन दो चरों का सम्बन्ध ज्ञान करने जा रहे हैं उनमें कोई अन्तर नहीं ।"

<u>प्राक्कल्पनायें</u> :

प्रस्तुत अध्ययन में शोधकर्ता ने निम्न प्राक्कल्पनाओं को अध्ययन का आधार बनाया है ।

1– किशोरावस्था में संप्राप्ति स्तर की भिन्नता का किशोरो की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

2– किशोरावस्था में बुद्धिलब्धि स्तर की भिन्नता का किशोरो की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

3– किशोरावस्था में आयु परिवर्तन का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

4– किशोरावस्था में सामाजिक स्तर की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

इन चार वैचारिक प्राक्कल्पनाओं को क्रमशः 38 सक्रियात्मक प्राक्कल्पनाओं में विभक्त किया गया है :–

1– <u>वैचारिक प्राक्कल्पना</u> :–

किशोरावस्था में संप्राप्ति स्तर की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

<u>संक्रियात्मक प्राक्कल्पनायें</u> :

1– किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक एवं सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

2– पूर्व किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक एवं सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अनतर नहीं होता है ।

3– मध्य किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

4– उत्तर किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशारों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

2– **वैचारिक प्राक्कल्पना :**

किशोरावस्था में बुद्धि लब्धि स्तर की भिन्नता का किशोरो की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

**संक्रियात्मक प्राक्कल्पनायें :**

5– किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

6– किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

7– किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

8– पूर्व किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

9– पूर्व किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

10– पूर्व किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

11– मध्य किशोरावस्था में उच्च बुद्धिलब्धि एवं सामान्य बुद्धिलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

12– मध्य किशोरावस्था में उच्च बुद्धिलब्धि एवं निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

13– मध्य किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

14– उत्तर किशोरावस्था में उच्च बुद्धिलब्धि एवं सामान्य बुद्धिलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

15– उत्तर किशोरावस्था में उच्च बुद्धिलब्धि एवं निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

16– उत्तर किशोरावस्था में सामान्य बुद्धिलब्धि एवं निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त किशोरो की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

**3– वैचारिक प्राक्कल्पना :**

किशोरावस्था में आयु वर्ग की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

सक्रियात्मक प्राक्कल्पनायें :

17– किशोरावस्था में पूर्व किशोरावस्था एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

18– किशोरावस्था में पूर्व किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरो की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

19– किशोरावस्था में मध्य किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

20– उच्च संप्राप्ति प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

21– उच्च संप्राप्ति प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

22– उच्च संप्राप्ति प्राप्त मध्य किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

23– निम्न संप्राप्ति प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

24– निम्न संप्राप्ति प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

25– निम्न संप्राप्ति प्राप्त मध्य किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

26– उच्च बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

27– उच्च बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

28– उच्च बुद्धिलब्धि प्राप्त मध्य किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक, सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

29– सामान्य बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरो की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

30– सामान्य बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सांवेगिक, व्यावसायिक शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

31– सामान्य बुद्धिलब्धि प्राप्त मध्य किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सावेंगिक, व्यावसायिक,शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक,सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

32– निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सावेंगिक, व्यावसायिक शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

33– निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सावेंगिक, व्यावसायिक शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

34– निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त मध्य किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक सावेंगिक, व्यावसायिक शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

**4– वैचारिक प्राक्कल्पना :**

किशोरावस्था में सामाजिक स्तर की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

**सक्रियात्मक प्राक्कल्पनायें :**

35– किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक सावेंगिक, व्यावसायिक शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

36– पूर्व किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक सावेंगिक, व्यावसायिक शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एव विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

37— मध्य किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक सावेंगिक, व्यावसायिक शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है

38— उत्तर किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक सावेंगिक, व्यावसायिक शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

### 1.8 अध्ययन का औचित्य :

क्या संप्राप्ति, बुद्धिलब्धि, आयु एवं सामाजिक स्तर से समस्यायें प्रभावित होती है ? जब तक इस प्रश्न को बुद्धिमतापूर्वक हल नहीं किया जायेगा । तब तक हम किशोरों के व्यवहारगत परिवर्तन को नहीं समझ सकते और न ही उन्हें दिशा–निर्देश हेतु उचित निर्देशन ही दे सकते हैं, अतः संप्राप्ति स्तर, बुद्धि लब्धि, आयु वर्ग एवं सामाजिक स्तर की भिन्नता का समस्याओं पर क्या प्रभाव पड़ता है इस विषय की जानकारी गहराई से की जानी आवश्यक है । शोधकर्ता की यही अपेक्षा है कि प्रस्तुत शोध किशोरों की समस्याओं के सम्बन्ध में मूल्यवान सूचनाऐं प्रस्तुत करने में सहायक हों । अध्ययन के संभावित प्रश्न जिनका उत्तर मिल सकता है ।

1— संप्राप्ति की भिन्नता किस स्तर तक किन–किन समस्याओं को प्रभावित करती है ।

2— बुद्धिलब्धि की भिन्नता किस स्तर तक किन–किन समस्याओं को प्रभावित करती है ।

3— आयु वर्ग की भिन्नता किस स्तर तक किन–किन समस्याओं को प्रभावित करती है ।

4— सामाजिक स्तर की भिन्नता किस स्तर तक किन–किन समस्याओं को प्रभावित करती है ।

### 1.9 अध्ययन की परिसीमाऐं :

शोधकर्ता ने शोध हेतु कतिपय सीमायें निर्धारित करी है, शोध इन्हीं सीमाओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है –

1— प्रस्तुत अध्ययन में केवल जालौन जिले के किशोरों को ही लिया गया है ।

2— प्रस्तुत अध्ययन में केवल किशोरावस्था को ही अध्ययन का विषय बनाया गया है ।

3— प्रस्तुत अध्ययन में आठ समस्याओं पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत, एवं विलिंगी समस्याओं को ही लिया जा रहा है ।

1.10 निष्कर्ष :

निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि शोधकर्ती का अध्ययन, उद्देश्य, औचित्य यही है कि अभी तक ऐसे अनेकों शोध प्रबन्ध हो चुके हैं जिनमें संप्राप्ति पर समस्याओं का प्रभाव अथवा संप्राप्ति स्तर बुद्धिलब्धि एवं आयुवर्ग के मध्य समस्याओं के स्तर का अध्ययन किया गया है । परन्तु अभी तक संप्राप्ति स्तर की भिन्नता, बुद्धिलब्धि की भिन्नता आयु वर्ग की भिन्नता एवं सामाजिक स्तर की भिन्नता भी समस्याओं पर प्रभाव डालती है इस विषय पर शोध का अभाव है । अतः शोधकर्ती अपने अध्ययन द्वारा इस अन्धकार पर भी प्रकाश डालने की चेष्टा कर रही है ।

अध्याय :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1— | प्रथम अध्याय | : | परिचर आवश्यकता, अध्ययन के उद्देश्य एवं अध्ययन की परिकल्पनायें |
| 2— | द्वितीय अध्याय | : | सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन । |
| 3— | तृतीय अध्याय | : | अनुसंधान विधि एवं आंकड़ों का संग्रह । |
| 4— | चतुर्थ अध्याय | : | प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या । |
| 5— | पंचम अध्याय | : | उपलब्धियों, निष्कर्ष एवं सुझाव । |
| | | : | सन्दर्भ ग्रन्थ सूची, |
| | | : | सारांश |
| | | : | परिशिष्ट |

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1– अग्रवाल एस0के0 : थ्योरी ऑफ एजूकेशन ।

2– विंधम एफ0 एल0 : एलीमेन्ट ऑफ एजूकेशन रिसर्च न्यूयार्क प्रिन्टिस् ।

3– बौलमैन बैंजामिन वी : डिक्शनरी ऑफ विहेविरल साइंस – 1954 अमेरिकन लायब्रेरी एसोसियेशन 1973

4– गुड कार्टरे वी : डिक्शनरी ऑफ एजूकेशन 1959

5– हैविंग हरर्ट आर0जे0 : डवलपमेन्टल टारकस एण्ड एजूकेशन न्यूयार्क लौन्गमन्ग्रीन एण्ड कं0 1952 (संशोधित संस्करण)

6– हर्लोक, एलिजावेथ : एडोलोसेन्ट डवलपमेंट, मेकग्राहिल बुक कं0 न्यूयार्क द्वितीय संस्करण 1954

7– हाल जी0एस0 : 'एडोलोसेन्स' इटस साइकोलॉजी एण्ड इट्स रिलेशन्स टू फिजियोलॉजी, अन्थोपोलॉजी, सोरियोलॉजी, सेक्स, काइम, रिलीजन एण्ड एजूकेशन न्यूयार्क, 1904

8– हॉर्न ए0एच0 : डेमोकेटिक फिलॉसफी आफ एजूकेशन मैकमिलन बुक कम्पनी, न्यूयार्क 1932

9– जैन के0सी0 : गाइडेन्स नीड्स इन स्कूल्स एजूकेशनल ट्रेन्डस अंक 11, 2 जुलाई 1976

10– जरसिल्ड अथारिटी : द साइकोलॉजी ऑफ एलोलेसेन्स मैकमिलन एण्ड कम्पनी 1963

11– जोन्स आर्थर जे : प्रिंसीपल ऑफ गाइडेन्स न्यूयार्क मैक ग्राहिल बुक कम्पनी चतुर्थ संस्करण 1951

12— जायसवाल सीताराम : शिक्षा में निर्देशन एवं परामर्श, विनोद पुस्तक मंदिर आगा, 1990

13— काण्ट ई0 : दी एजूकेशनल थ्योरी ऑफ इम्मेनु अरकांट अनुवादित एवं प्रकाशित एडवर्ड फ्रेंकलिन बकनर के द्वारा

14— मार्येस जी0ई0 : प्रिंसीपलस् एण्ड टैक्नीकस् ऑफ वोकेशनल गाइडेन्स न्यूयार्क मेकग्राहिल बुक कम्पनी 1941

15— पाठक पी0डी0 : शिक्षा, मनोविज्ञान, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा, 1972

16— नन्दलाल : योजना सितम्बर 87 पंचवर्षीय योजनायें एवं गरीबी

17— शर्मा एन0एन0 : आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान आगरा हरप्रसाद भागर्व , 1973

18— स्टीफेलरी बुफोर्ड एण्ड स्टीवार्ट नोरमैन आर : प्रिंसीपल ऑफ गाइडेन्स 1970 छठों संस्करण

19— स्टप्स एमरी और वालक्रिस्ट जी0एल0 : "प्रिंसीपल एण्ड प्रेक्टिसेज इन गाइडेन्स" न्यूयार्क मैकग्राहिल बुक कम्पनी 1958

20— श्नागरा , एफ स्टेटन : डायनेमिक्स ऑफ एडोलसेन्ट एडजस्टमेन्ट दि मेकमिलिन को0, न्यूयार्क, 1963

21— गैरीसन, सी0 : साइकलोजी ऑफएडोलसेन्ट,ऐंगिल वुड, न्यूयार्क, 1965

22— फ्लेनिंग, सी0एम0 : एडोलसेन्ट : इट्स सोसल साइकॅलाजी, लंदन रूटलेज एण्ड केगन पॉल लिमिटेड, 1948

23— बुच, एम0पी0 (सम्पादक) : सर्वे ऑफ रिसर्च इन एजूकेशन, ए0एस0ई0, बड़ोदा, 1972

24. Buch M.B. (Editor) : Second Survey Research in Education, New Delhi, 1979.

25. Buch M.B. (Editor) : Third Survey of Research in Education, New Delhi, 1987.

26. Buch M.B. (Editor) : Fourth Survey of Research in Education, New Delhi, 1991.

27. Buch M.B. (Editor) : Fifth Survey of in Education, New Delhi, 1997.

# द्वितीय अध्याय

## सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन

सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन प्रत्येक वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रकिया में एक महत्वपूर्ण कदम है । शिक्षा के सभी प्रकार के अनुसंधानों में संबंधित साहित्य का सर्वेक्षण एक अत्याज्य अंग है बिना इसके कोई भी अनुसंधान उच्च स्तर का नहीं हो सकता है । वस्तुतः संबंधित साहित्य का अध्ययन किये बिना अनुसंधानकर्ता का कार्य अंधेरे में तीर चलाने के समान है । अन्धेरे में चलाये गये तीर की दिशा निश्चित न होने के कारण यह निश्चित नहीं होता है कि तीर लक्ष्य भेद पायेगा कि नहीं उसी प्रकार से संबंधित साहित्य का अध्ययन किये बिना अनुसंधान की सफलता भी संशय में रहती है । गुड वार एवं स्केटस के अनुसार एक कुशल चिकित्सक के लिये आवश्यक है कि वह अपने क्षेत्र में हो रही औषधि संबंधी आधुनिकतम खोजों से परिचित होता रहे । उसी प्रकार शिक्षा का जिज्ञासु छात्र अनुसंधान के क्षेत्र में नित नवीन संबंधित सूचनाओं व संबंधित क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी एकत्र करता रहे ।

पूर्व साहित्य के पुनरावलोकन से अनुसंधानकर्ता को अपने अनुसंधान के विधान की रचना के संबंध में अन्तदृष्टि प्राप्त होती है । यह अर्न्तदृष्टि उपकरणों के चयन, अनुसंधान विधि के चयन, समस्या के परिसीमन, समस्या की सुस्पष्ट परिभाषा आदि के बारे में प्राप्त होती है । ज्ञान के क्षेत्र के विस्तार के लिये आवश्यक है कि अनुसंधानकर्ता को यह ज्ञात हो कि ज्ञान की वर्तमान सीमा कहाँ पर है । वर्तमान ज्ञान की जानकारी साहित्य के गहन अध्ययन से हो सकती है । इस गहन अध्ययन से अनुसंधानकर्त्री को विद्वता प्राप्त होगी और जिस क्षेत्र में उसने अपना अनुसंधान विषय चुना है वह उस क्षेत्र का विशेषज्ञ बन सकता है । यह विशेषता उच्चकोटि के अनुसंधान के लिये आवश्यक है ।

के0एफ0 रमल ने लिखा है कि नियमानुसार कोई भी शोध संबंधित लिखित विवरण तब तक उपयुक्त नहीं समझा जाता । जब तक उस शोध से संबंधित साहित्य का आधार उस विवरण में न हो ।

शोधकर्त्री ने संबंधित साहित्य का अध्ययन निम्नवत् रूप में किया है :–

2.1.1 Boulon-Diaz, Frances, Ph.D. Temple University, 1992 The effects of intelligence, social class, early development and pre-school experience on school achievement of Pureto Rican Children.

This study explored the effects of seven independent variableds on school achievement of normal Puerto Rican Public School children with the following research question :

How do intelligence, social class, early motor and language development, pre school experience, gender and composition of household contribute to school achievement of pre- teenage children in Puerto Rican Public Schools ? Grade Point Average (GPA) was the dependent measure of achievement.

The subject were 65 children aged 9 to 11 years, studying in grades four to six, at seven urban public schools. They belonged to the sample of 2,200 children selected for adapting the Weschler Intelligence Scale for Children Revised (WISC-R) for the Puerto Rican population. The demographic characteristics, developmental milestones and other measures of this sample present similar, trends to those of the complete standardization group.

Intelligence was measured with the WISC-R Puerto Rico. Parents completed a General Information Questionnaire which provided data on development, family background, and school experience.

Multiple regression analyses showed that IQ (Beta = .66) and Social Class (Beta = .30) explained half of the variance in GPA (Adjusted R= .49). Pearson r's between GPA and Social Class (.40) and GPA and IQ (.66) were significant at the .01 level. When boys and girls were compared, parental characteristic and social factors had an impact on boys 'GPA and IQ that was not observed for the girls.

The salient influence of social class on school achievement raises concerns about the possibilities of the lower class to achieve significant participation and use of the communities ' opportunities for advancement in society. School performance of girls seemed less dependent on social family influence than the performance of boys. These differences need to be explored more directly with a larger sample.

<u>2.12</u> Serebreni, Riqua Russell, Ed. University of Arkansas,1992.

A study of the relationship between personality factors and achievment in the college student with learning disability.

The increasing numbers of students with learning disabilities (LD) are enrolling in programs of higher education and present concerns that college and universities must address if they are to provide accessible and effective programs for this population.

Research concerned with the achievment of the LD college student is sparse A wealth of research and secondary level students with learning disabilities as well as that which addresses various methods which have been used to help these students learn. Few studies have been done explore personality characteristics of students with learning disabilities. No studies were found which have investigated the relationship between and the achievment of students with learning disabilities.

2.3.5 1982 ने 603 किशोर छात्रों की समस्याओं का अध्ययन किया उनकी रिलैटिव आवृत्ति इस प्रकार है : आरमूनी

(1) भविष्य में व्यावसायिक और शैक्षिक क्षेत्र में .90 ।

(2) धन रहने की परिस्थितियाँ एवं रोजगार क्षेत्र में .87 ।

(3) स्कूल कार्य से समायोजन .87 ।

(4) वैयक्तिक मनोवैज्ञानिक संबंध .63 ।

(5) स्वास्थ्य और शारीरिक विकास .55 ।

(6) सामाजिक मनोरंजनात्मक कियायें .36 ।

(7) पाठ्यक्रम और शिक्षण प्रकिया संबंधी .32 ।

(8) सामाजिक मनोवैज्ञानिक संबंध .20 ।

(9) घर एवं परिवार .18 ।

(10) कोर्टशिप, लिंग एवं विवाह .17 ।

(11) नैतिकता और धर्म .14 ।

2.3.6 सुनीता मेंहदीरत्ता (1979–80) एम0एड0 छात्रा ने अपने अध्ययन से निष्कर्ष निकाला कि उच्च संप्राप्ति वाली छात्राओं में शाब्दिक योग्यता, तार्किक योग्यता, बौद्विक क्षमताएँ, सीखने की गति, उपलब्धि की आवश्यकता, निम्न संप्राप्ति वालों से कहीं अधिक थी तथा निम्न संप्राप्ति वालों में समर्पण, प्रभुत्व व प्रतिरक्षण की आवश्यकता अपेक्षाकृत अधिक थी । समायोजन आकामकता, पोषण, विनय, संबंध, स्वायत्ता, पराश्रय तथा प्रदर्शन दोनों में समान था ।

2.3.7 श्रीमती सुधा शर्मा (1979–80) ने शैक्षिण रूप से प्रतिभाशाली व पिछड़े किशोरों की शैक्षिक निर्देशन संबधी आवश्यकताओं का तुलनात्मक अध्ययन किया । अध्ययन के सम्पूर्ण न्यायदर्श के

माध्यम से जयपुर नगर की हायर सैकेन्डरी एवं सैकेन्डरी विद्यालयों में 10 कक्षा में पढ़ने वालें छात्रों को लिया । जिसमें राजस्थान बोर्ड की सैकेन्डरी परीक्षा में 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 50 पिछड़े किशोरों का चयन किया ।

2.3.8 पुष्पा गुप्ता (1977–78) ने एम0एड0 में वनस्थली में पढने वाली छात्राओं की समस्याओं का सर्वेक्षण किया । अध्ययन में 30 छात्रायें पी0 यू0 सी0, 58 छात्रायें , बी0ए0 प्रथम वर्ष तथा 30 छात्रायें बी0 एड0 से ली । निष्कर्ष निम्नांकित आया ।

(1) बी0एड0 की छात्राओं की समस्यायें कम तथा पी0 यू0 सी0 एवं बी0ए0 की लगभग समान है।

(2) जिस वर्ग की समस्यायें अधिक है वे कम समायोजित है तथा जिसकी समस्या कम है वह अधिक समायोजित है ।

(3) व्यक्तिगत समस्याओं के लिए अधिकांश छात्रायें माता–पिता का मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहती है ।

2.3.9 मूले – किशोरावस्था की आवश्यकता एवं समस्याओं का अध्ययन , प्रशिक्षण महाविद्यालय नागपुर ,1971 प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य हाईस्कूल के आधार पर ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों का वर्गीकरण , उपलब्धि के लिए प्रेरक समूहों की भिन्नता , विद्यार्थियों का वर्गीकरण ,उपलब्धि के लिए प्रेरक समूहों की भिन्नता , विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों एवं व्यवहार , विद्यार्थियों की आवश्यकतायें तथा मूल्य प्रणाली का अध्ययन करना था ।

2.3.10 सेथ – किशोरियों की समायोजन समस्यायें, पी0 एच0 डी0 सन् 1970 । लखनऊ शहर की किशोरावस्था की युवतियों की चिन्ताओं तथा समस्याओं का अध्ययन करना था इनमें निम्नलिखित समस्यायें पाई गयी है :–

(1) परिवार में समायोजन संबंधी समस्यायें ।

(2) विद्यालय में समायोजन संबंधी समस्यायें ।

(3) लिंग भेद से संबंधी समायोजन समस्यायें ।

(4) व्यक्तिगत समायोजन समस्यायें ।

(5) सामाजिक समायोजन समस्यायें ।

(6) व्यावसायिक समायोजन समस्यायें ।

2.4.1. दुर्गाप्रसाद सिन्हा (1970) ने अपने अध्ययन मे पाया कि निम्न संप्राप्ति वाले विद्यार्थियों में उच्च शैक्षिक संप्राप्ति वाले विद्यार्थियों की अपेक्षा कम बुद्विलब्धि ,अधिक चिन्ता तथा कुसमायोजन पाया गया ।

2.4.2 वीर सिंह (1967) ने बी0 एड0 कक्षा के 85 छात्र अध्यापकों के अध्ययन के आधार पर अपने लेख में छात्राओं की समस्याओं पर अध्ययन प्रस्तुत किया । यह अध्ययन प्राइमरी स्कूल एवं हायर सैकैन्डरी स्कूल तथा इन्टरमीडियेट कालेज के उन्ही बालकों पर किया, जो समस्याओं से ग्रसित थे। इसमें 50प्रतिशत समस्याओं के कारण घर का वातावरण पाया गया । तथा 25 प्रतिशत समस्यायें स्कूल के कारण उत्पन्न हुई , शेष 25 प्रतिशत अन्य कारणों से ।

2.4.3 रोजनवर्ग , (1965) ने अपने अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला कि उच्च वर्ग के लड़के निम्न वर्ग की अपेक्षा आर्थिक निष्पत्ति रखतें हैं ।

2.4.4 कक्कर ( 1964) इन्होंनें किशोरो की समायोजन संबधित समस्याओं का अध्ययन किया जिससे निम्न निष्कर्ष निकले , 43 प्रतिशत बालकों की घर समस्यायें अधिक थीं तथा लड़कियॉं अधिक संवेदनशील एवं लड़के अधिक समस्याग्रस्त थे।

2.4.5 1963 – 1964 'एम के0 रैना, एम0एड0 ' ने शैक्षिक निष्पत्तियों की तुलना की जो निम्नलिखित हैं ।

(1) उच्च संप्राप्ति वाले 88 प्रतिशत सामान्यतः अच्छी और बहुत अच्छी आदतों वाले थे तथा 84 प्रतिशत निम्न संप्राप्ति , बुरी और बहुत आदतों वाले थे ।

(2) उच्च एवं निम्न संप्राप्ति के अध्ययन संबधी आदतों का मध्यांक 137.70 और 113.72 है।

(3) वस्तुनिष्ठ परीक्षा के प्राप्तांक और अध्ययन संबधी आदतों के प्राप्तांकों में उच्च प्राप्तांक प्राप्तकर्ताओं और निम्न प्राप्तांक प्राप्त कर्ताओं में सह सम्बन्ध गुणाक .83 और .56 है ।

2.4.6 जेम्यूर (1963) अपने दूसरे अध्ययन में जेम्यूर ने शैक्षिक संप्राप्ति की प्रसांगिक पृष्ठभूमि कारकों से संबधित किया । उन्होंने बताया कि युवाओं की (19 वर्ष से कम) संप्राप्ति प्रोढ़ो की अपेक्षा अधिक होती है , तथा पिता का व्यवसाय एवं अभिरूचि भी शैक्षिक संप्राप्ति को प्रभावित करती है ।

2.4.7 जेम्स व्हाइल (1962) – ने अपने अध्ययन के लिए 220 हाईस्कूल छात्रों का चयन किया । उन्होंने ग्रेड तथा लिंग के आधार पर इन्हें दो समूहों में बॉटा । इन दोनों समूहों की तुलना समायोजन संबंधी समस्या 'एपियर रेंटिंग इन्सट्रूमेन्ट' तथा 'टीचर्स रेटिंग इन्सट्रूमेन्ट' के द्वारा परिणाम निम्न रहे। उच्च संप्राप्ति वालें सामाजिक रूप से अधिक समायोजित एवं समूह तथा अध्यापक के प्रति कम आकामक थे । नेतृत्व संबंधी गुणों से युक्त थे, इनका लक्ष्य, अभिवृत्ति, अध्ययन की आदत भी निम्न संप्राप्ति वालों से अधिक थी ।

2.4.8 एडवर्ड फेकिंल (1960) ने 50 उच्च 50 निम्न संप्राप्ति वाले छात्रों का अध्ययन कर पता लगाया कि उच्च संप्राप्ति वाले समूह की बुद्विलब्धि का मध्यमान 140.66 तथा निम्न संप्राप्ति का 141. 00 था, अध्ययन से पता चला कि निम्न संप्राप्ति वालों की शाब्दिक योग्यता तथा आंकिक योग्यता बहुत कम थी इनकी रूचि यान्त्रिक एवं कुछ कला में थी । इनमें कम्पयूटेशनल, साइटिंफिक इन्टरैस्ट बहुत कम था ।

2.4.9 शा (1958) ने अपने अध्ययन में जो कि उन्होंने निम्न संप्राप्ति के संबध में किया था उसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि निम्न संप्राप्ति वाले छात्रों के घर में गलत वातावरण, उनका कमजोर आर्थिक स्तर, माता पिता की ठीक प्रकार की शिक्षा का न होना पाया गया , उन्होंनें यह भी ज्ञात किया कि ऐसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में घृणा तथा शत्रुता घर कर जाती है ।

2.4.10 प्रथम अध्ययन जेम्पूर (1958) 200 कालेज विद्यार्थियों की अध्ययन संबंधी आदतों का अध्ययन किया । इसमें उच्च एवं निम्न संप्राप्ति वाले विद्यार्थियों की अध्ययन संबंधी आदतों का अध्ययन किया । परिणामस्वरूप अध्ययन की आदत एवं संप्राप्ति के मध्य सह संबंध .51 पाया गया ।

2.5.1 वैल्श (1956) ने उच्च एवं निम्न शैक्षिक निष्पत्तियों वाले छात्रों का तुलनात्मक अध्ययन किया एवं निष्कर्ष निकाला कि उच्च एवं निम्न स्तरीय शैक्षिक निंष्पत्ति वाले छात्रों की स्वधारणा में अन्तर पाया जाता है ।

2.5.2 हरलॉक (1955) ने पूर्व किशोरावस्था में आने वाली समस्याओं का अध्ययन किया व पाया कि पूर्व किशोरावस्था के शुरू में स्कूल , माता पिता , अध्यापक से संबंध , विपरीत लिंग से आकर्षण संबंधी समस्यायें अधिक होती हैं । तथा उत्तर किशोरावस्था में पारिवारिक अधिक होती है । कुछ गंभीर समस्यायें यथा स्कूल कार्य, वैयक्तिक, मनोविज्ञान समायोजन, परिवार के संबंध तथा अर्थ संबधी का भी सामना करना पड़ता है ।

2.5.3 ओखलामा विश्वविद्यालय (1952) में चार वर्ष तक की गई शोध से ज्ञात हुआ कि उच्च शैक्षिक संप्राप्ति वाले चारित्रिक रूप से स्वजागरूक और जिम्मेदारी लेने के इच्छुक होते हैं । दूसरी ओर निम्न शैक्षिक संप्राप्ति वाले विरोधात्मक प्रेरक से निर्देशित होते हैं । अपनी द्वन्द्वात्मक प्रवृत्ति के कारण जागरूक नहीं होतें ।

2.5.4 हापोक (1945) ने अपने अध्ययन में इस बात का उल्लेख किया है कि सीनियर तथा जूनियर हाईस्कूल के विद्यार्थियों की कौन कौन सी समस्यायें उनके सामने आती है । उन्होंने उसके लिए 7 सीनियर स्कूल के बच्चों ने सर्वप्रथम प्राथमिक , व्यावसायिक समस्याओं से संबंधित तत्पश्चात् शिक्षा, मनोंरंजन सामाजिक तथा नैतिक बातों से संबंधित जो समस्यायें आती थीं उनका उल्लेख किया ।

2.5.5 एच0 एम0 वैल्स (1938) ने छात्रों द्वारा विशेष क्षेत्रों मे पाई जाने वाली विभिन्न समस्याओं की खोज की, इन समस्याओं के क्षेत्र थें :—

(1) आर्थिक क्षेत्र

(2) आचरण एवं नैतिकता

(3) शैक्षिक एवं व्यावसायिक चयन

(4) घर

(5) मनोरंजन एवं अन्य

57.7 प्रतिशत छात्रों के समस्यायें आर्थिक शिक्षा के क्षेत्र में,11.12 प्रतिशत की आचरण एवं नैतिक क्षेत्र में , 10.6 प्रतिशत की शैक्षिक व व्यावसायिक चयन संबंधी, 7.1 प्रतिशत घर तथा 4.7 प्रतिशत मनोरंजन के क्षेत्र में एवं 8.6 प्रतिशत अन्य क्षेत्रों से संबंधित थी । यह अध्ययन 16 से 24 वर्ष तक के विद्यार्थियों पर किया गया ।

2.5.6 पाठक (1922) ने अध्ययन करके पाया कि जो विद्यार्थी शैक्षिक संप्राप्ति की दृष्टि से ऊँचे थे उनकी बुद्धिलब्धि भी निम्न वालों से अधिक थी ।

2.5.7 बी0 एल0 वर्मा ने व्यक्तिगत समस्याओं एवं बुद्धिलब्धि के सह संबंध पर अध्ययन किया । बुद्धि परीक्षण एवं प्राब्लम चैकलिस्ट के क्षेत्रों में सह संबंध गुणांक निम्न रूपों में आया । एच0 पी0 डी0 .15, एच0 एफ0 .24, एम0 डब्ल्यू0एफ0 .14, बी0 जी0 .21, पी0 बी0. 26, एल0 सी0 .20, कम्पाजिट आर, 21 है जो कि .01 स्तर पर सार्थक नहीं है । बुद्धि परीक्षण के आधार पर आर्थिक प्राप्तांको से समस्याओं में कमी आती है । अर्थात् अधिक प्राप्तांक वालों की समस्यायें कम होती हैं , पर यह अन्तर अधिक ऊँचा नहीं है। अतः यह निष्कर्ष नहीं निकाल सकते कि समस्याओं का पूर्णतः अन्त हो जाता है या केवल कम हो जाती है ।

2.5.8 में लेन्ड ने यह निष्कर्ष निकाला कि उच्च शैक्षिक संप्राप्ति के प्रेरक वहॉ विकसित होते हैं कि जहॉ कि संस्कृति व परिवारों में माता पिता व्यक्तिगत स्वतन्त्रता पर अधिक महत्व देते हैं । निम्न संप्राप्ति प्रेरक माता पिता के प्रभुत्व के कारण होती है ।

2.5.9. फ्रेमन पेयन एल0 ने अपने अध्ययन में पाया कि निम्न संप्राप्ति का दिमागी कियाओं की अपेक्षा सामाजिक कियाओं पर अधिक ध्यान है ।

2.5.10 डा0 एन0 बागिया ने 618 छात्रों पर जो सैकेन्डरी स्कूलों में अध्ययनरत थे , अध्ययन किया । इस अध्ययन द्वारा उन्होनें विद्यार्थियों की कठिनाइयों एवं समस्याओं को वर्गीकृत कर अधिक पाई जाने वाली समस्याओं को बताया । ये लगभग 4142 समस्यायें थीं । जैसे शैक्षिक विद्यार्थियों की परस्पर , अध्यापकों से, स्कूल प्रशासन से,एवं स्वयं से संबधित समस्या ।

The Meghalaya SCERT. James, L. (1989) located the possible causes of poor performance of pupils in the HSLC examination of Meghalaya Board of School Education as less time devoted to teaching and homework, failure on the part of teachers to give individual attention and provision of inadequate facilities.

Tripathy, A. & Tiwari, B.D. (1991) made evident the differential effect of demonstration on the verbal problem-solving of eighth and ninth class pupils with high and low degree of dependence - prones were more efficient than their high dependence - prone counterparts. A findings such as this in the line with the theory that high dependence prone pupils have lesser capacity to analyse and mostly take a passive approach to solve problems involving reasoning.

Kaushik, N.K. (1988) studied the long term effect of advance organisers in relation to reading ability, inteligence and scientific attitude of the learners and found that the general introduction or overview which generally precedes learning material is less effective as compared to the advance organisers. Secondly, the benefit derived from advance organisers is positively correlated

with higher intelligence , reading comprehension and scientific attitude.

Kumar, M.S.G. (1991) studied the effect of intelligence, achievement (biology) and extraversion on the questioning ability of class IX pupils. Kumar, M.S.G. (1991) found that intelligence, achievement in biology and extraversion influenced the number and level of questions asked.

SCERT (State of Meghalya) studied by using a parental encouragement scale. Aggarwal, K. (1986) made comprehensive districtwise comprisons amongst the different educational groups of secondary schools in the Garhwal District of Uttar Pradesh. It was noticed that the high-achieving group was found as getting a higher amount of parental encouragement in all the groups based on gender district and urban-rural location demonstrating thereby parental involvement as a positive correlate of academic achievement.

Srivastava, L. (1988) studied the influence of some variables - academic achievement, personality, socio-economic status on vocational development. The study conducted that vocational development was related to academic achievement and socio-economic status but was not related to sex different levels of education.

Mulia, R.D. (1992) studied the effect of grade, gender and area on the I.Q. levels of the secondary pupils in Ahmedabad District. While no significant difference was found in the I.Qs of boys and girls, the main effect of area and grade was significant, the difference being in favour of urban boys of class IX.

## REFERENCES


1. Acker, Haskell Brewington, Ph.D. - Georgia Statt Univ. College of Ed. 1990.

2. Addes, Blna Goldbarten, Ed.D - Univ.of Massachusetts, 1988.

3. Aselting, Robert Hall, Jr. Ph.D. - The Univ. of Michigan 1992.

4. Boulon-Dlaz, Frances, Ph.D. - Temple University, 1992

5. Ciampa, Diange Leslie, Ph.D. - The Univ. of Michigan 1990.

6. Diachuk, Christopher Michael Paul Ph.D. - Univ. of Albrla (Canada)

7. Dotan, Niva Ban-Sar, Ph.D. - University of California Berkeley, 1996.

8. Evans Steven Wayne, Ph.D. - Case Western Reserve University, 1990.

9. Fox, Douglas Leo, Ph.D. - University of Minnesota 1990.

10. Fraleigh, Michael Jr. Ph.d. - Stanford Univ. 1990.

11. Gross, Miraca Una Murdoch, Ph.D. - Purdue University 1989.

12. Hagen, Jeananne Reister, Ph.D. - Iowa State University.1992.

13. KWA, Lydia Woon-AI, Ph.D. - Queen's University at Kingston (Canada) 1990.

14. Nasseh, Arshidokht Arshi, Ph.d. - George Peabody College for Teachers of vanderbilt University 1988.

15. Price, Rosemary, Ph.D. - University of Southern California, 1989.

16. Pusatere Mckenna, Carol, Ph.D. - Univ. of Pittsburghs 1991.

17. Samules, Susan Kaufman, Ph.D. - The University of Connecticut, 1990.

18. Schneidur, Steven Craig, Ph.D. - Texas A&M University '90.

19. Serebreni, Riqua Russell Ed. - Univ. of Arkansas, 1991.

20. Tucker Elizabeth Parke, Ph.D. - Kenl State Univ. 1990.

21. Watts, Karen, M.Ed. - Univ. of Maine, 1990.

22. White Head, Deborah Ann. Ph.D. - East Teas State University 1990.

23. Wong, Edward, G, Ed.D. - The University of Akron 1991

DISSERATION ABSTRACT INTERNATIONAL 1986, 1988, 1991, 1992, 1993, 1994.

Encyclopedia of Education - 1988.

ICSSR Research Projects - 1969-1988.

# तृतीय अध्याय

## " अनुसंधान विधि एवं आकंडों का संग्रह "

किसी भी क्षेत्र में कार्यरत अनुसंधानकर्ता जब तात्कालिक सिद्धान्तवादों का अध्ययन करता तो उसे उसमें कई रिक्त स्थान नजर आ सकते हैं । जिनकी पूर्ति हेतु नया अनुसंधान कार्य किया जा सकता है । कई बार तात्कालिक सिद्धान्तवादों से कई नये प्रश्न या अधिसिद्धांत सामने आते हैं । इन्हें परखने के लिये अनुसंधान आवश्यक होता है । अर्थात् अनुसंधान कब उदय होता है ? अनुसंधान समस्या में संबधित परिकल्पना के पश्चात उसके परीक्षण के लिये आवश्यक तथा तर्क संगत आंकडों के संकलन की आवश्यकता होती है । क्योकि यह जरूरी है कि हमें कहाँ की और कितनी जनसंख्या पर परीक्षण डालने है, हमारी अनुसंधान विधि कौन सी है तथा हम किन किन परीक्षणों का प्रयोग कर रहे हैं तथा प्रदत्तों के मापन एवं गणना के लिए किस–किस सांख्यिकी को प्रयोग में ला रहें हैं । इन सब का निश्चय किये बिना किया अनुसंधान एक अर्निदष्टि, अनियोजित विचारहीन उस भटकते राही के सदृश हैं जो अपनी मंजिल तक पहुँचने के साधनों एवं राहों से अनभिज्ञ होता है । अतः शोधकत्री ने अपने शोध को एक निश्चित एवं योजनाबद्व दिशा प्रदान की है उसी का विवरण इस अध्ययन में किया गया है ।

### 3.1 अनुसंधान की विधि :

शोध विषय की समस्या का भली प्रकार समझकर अध्ययन से सम्बन्धित साहित्य के अवलोकन व निर्मित उपकल्पनाओं से प्रेरित होकर शोधकत्री ने आदर्शमूलक सर्वेक्षण विधि को उपयुक्त समझा क्योंकि इस शोध समस्या के मुख्य उद्देश्य अनुसंधान की आदर्शमूलक सर्वेक्षण विधि से अधिक सम्बन्धित है ।

**करलिंगर के अनुसार** –"सर्वेक्षण शोध सामाजिक वैज्ञानिक अनुसंधान की एक शाखा है जिसके अन्तर्गत सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक चरों के घटनाकम,वितरण तथा पारस्परिक अन्तः संबंधों की

खोज के उद्देश्य से चयनित प्रतिदर्श के आधार पर बड़ी तथा छोटी जनसंख्याओं का अध्ययन किया जाता है

### 3.2 तथ्य संकलन हेतु प्रयुक्त उपकरण :

कानबेक ने अपनी पुस्तक इन्सैन्शियल ऑफ साइकोलीजिकल टेस्टिंग में लिखा है 'परीक्षण में विश्वसनीयता ,वैधता, कम मूल्य वाला होना चाहिए, परीक्षण व्यक्तिगत परीक्षणों की अपेक्षा सुविधाजनक तथा कम खर्चीले होते हैं ।

कोई भी अनुसंधान बिना परीक्षण के नहीं होता । अनुसंधानकर्मी ने प्रस्तुत अध्ययन के लिए निम्नलिखित परीक्षणों का चयन किया।

(1) युवा समस्या अभिसूची (समस्याओं के लिये)

(2) मानसिक योग्यता परीक्षण (जलोटा) (बुद्विलब्धि के लिये)

### 3.3 युवा समस्या अभिसूची :-

युवा समस्या अभिसूची का निर्माण शोधकर्मी के द्वारा स्वयं किया है । यूथ प्राब्लम इन्वेटरी में समस्याओं के केवल चार क्षेत्र है , पारिवारिक स्कूल संबंधी ,सामाजिक एवं व्यक्तिगत । युवा समस्या अभिसूची में समस्याओं के निम्नांकित आठ क्षेत्र सम्मिलित किये गये हैं ।

1. पारिवारिक समस्यायें
2. सांवेगिक समस्यायें ,
3. व्यावसायिक समस्यायें
4. शैक्षिक संबंधी समस्यायें
5. शारीरिक समस्यायें
6. व्यक्तिगत समस्यायें
7. विलंगी समस्यायें
8. सामाजिक समस्यायें

यह अभिसूची अधिक संवेदनशीलता में समस्याओं को इंगित करती है । इस अभिसूची में कुल 100 पद हैं , जो उपरोक्त 8 क्षेत्रों में विभक्त हैं जिनमें पारिवारिक के 20 सांवेगिक के, 14 व्यावसायिक के, 6 स्कूल संबन्धी के 20, एवं अन्य चारों समस्याओं के कमशः 10–10 पद हैं, इस सूची को अन्तिम रूप से 500 किशोरों पर प्रशासित किया गया है एवं अर्ध विच्छेद विधि से विश्वसनीयता मे सह सम्बन्ध गुणांक ज्ञात किया है जो कि पारिवारिक समस्याओं में .94, सांवेगित समस्याओं मे .98, व्यावसायिक समस्याओं मे .98, स्कूल संबंधी .96, शारीरिक समस्याओं में .99, व्यक्तिगत में .99, एवं विलंगी समस्याओं में .88 है ।

<u>फलांकन</u> :–

परीक्षण का फलांकन सम एवं विषम संख्या के आधार पर परीक्षण की बैधता को ध्यान में रखकर किया गया है । समस्याओं के प्रत्येक क्षेत्र में 2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16, 18, 20 नम्बर की संख्याओं में सत्य पर ( ) लगाने पर 2 अंक एवं असत्य पर ( ) लगाने पर 0 अंक दिया गया है । इसी तरह 1, 3, 5, 7, 9, 11, 13, 15, 17, 19 नम्बर वाली संख्याओं के सत्य पर ( ) लगाने पर 0 अंक एवं असत्य पर लगाने पर 2 अंक दिये गये हैं ।

क्योंकि सूची में दिये गये विषम संख्या वाले पद समस्या रहित हैं एवं सम संख्या वाले पद समस्यापूर्ण । आंशिक सत्य पर ( ) का निशान लगाने पर 1 अंक दिया गया है । कोई भी किशोर पारिवारिक में अधिकतम 40 सांवेगिक में अधिकतम 28, व्यावसायिक में 12, स्कूल संबंधी 40 एवं कमशः अन्य चारों समस्याओं में अधिकतम 20 अंक प्राप्त कर सकती है । पूरी सूची में अधिकतम 200 अंक प्राप्त किये जा सकते हैं ।

3.4 <u>डा0 जलोटा का साधारण मानसिक योग्यता परीक्षण</u> :–

जलोटा का बुद्धि परीक्षण सामूहिक शाब्दिक परीक्षण है । इस परीक्षण में 100 प्रश्न दिये गये हैं यह निश्चित समयावधि में किया जाता है । 20 मिनट के अन्त में एक बालक कितने प्रश्न हल कर पाता है, यह संख्या बालक की मानसिक आयु की सूचक होती है । सामान्य

मानसिक योग्यता परीक्षण के 100 प्रश्न शब्द भंडार के समान विलोम रूप, संख्याओं के कम, वर्गीकरण, सर्वोत्कृष्ट उत्तर अनुभव तथा सादृश्य उत्तरों से सम्बन्धित है यह परीक्षण यद्यपि बुद्धि को सामान्य घटक के रूप में मानता है तथापि इसके 100 प्रश्न व्यक्ति की तर्कशक्ति, शाब्दिक शक्ति तथा अंकों के गणना की योग्यता का मापन करते हैं । समानतार्थ एवं विलोम एवं सादृश्य शब्द से सम्बन्धित प्रश्न शाब्दिक मानसिक शक्ति का परीक्षण करते हैं । अंकों की गणना तथा अग्रिम संख्याओं को ज्ञात करने प्रश्न गणितीय तथा अमूर्त चिन्तन सम्बन्धी मानसिक एवं सादृश्य वाले प्रश्न व्यक्ति की स्मृति तर्कना शक्ति का परिचय देते हैं ।

इस प्रकार साधारण मानसिक बुद्धि परीक्षण बुद्धि की तीन घटकों शाब्दिक गणितीय एवं तार्किक योग्यता का मापन करता है ।

**परीक्षण का प्रशासन :-**

प्रत्येक परीक्षण के प्रशासन की निर्दिष्ट विधि होती है जिसके अनुसार परीक्षण का प्रशासन प्रदत्तों की विश्वसनीयता एवं शुद्धता को बढ़ा देता है । परीक्षण प्रारम्भ करने से पूर्व किशोरों की निम्नलिखित निर्देश दिये गये :-

1— यह परीक्षण आपकी मानसिक शक्ति जानने हेतु लिया जा रहा है अतः सावधानी पूर्वक उत्तर दे ।

2— यह परीक्षण 20 मिनट में करना है अतः शीघ्रता से बिना इधर उधर देखे परीक्षा दें ।

3— 20 मिनट में 100 प्रश्न करने हैं अतः जो प्रश्न नहीं आये वह छोड़ दें आगे के प्रश्न करे

4— समय नष्ट न करें ।

5— जब तक प्रारम्भ करने आदि आदेश न मिले पन्ना न उलटे ।

6— प्रथम पृष्ठ के अभ्यास प्रश्नों को मैं कराऊँगी उन्हें ध्यान से सुने क्योंकि इन्हीं प्रश्नों पर परीक्षण में 100 प्रश्न आधारित हैं ।

7— जैसे ही कार्य बन्द करने को कहे कार्य बन्द कर दें ।

किशोरों को अभ्यास के प्रश्न अच्छी तरह समझा देने के उपरान्त परीक्षा देने के लिये कहा गया 20 मिनट के अन्तराल निरीक्षण किया गया ठीक 20 मिनट बाद उत्तर पुस्तिका ले ली गई यह परीक्षण पूर्व, मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था की उच्च एवं निम्न संप्राप्ति वाली 1200 किशोरों पर डाला गया है ।

फलांकन :

परीक्षण की उत्तर तालिका के उत्तरों को स्कोरिंग की से मिलाकर सही प्रश्नों की संख्या के अनुसार मानसिक आयु ज्ञात की तथा मानसिक आयु एवं वास्तविक आयु द्वारा निम्नलिखित सूत्र से बुद्धिलब्धि ज्ञात की गयी ।

$$\text{बुद्धिलब्धि} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु या शारीरिक आयु}} \times 100$$

3.5 **चर अथवा परिवर्ती** :—

चर वह प्रत्येक वस्तु है जिसका हम निरीक्षण कर सकते हैं और यह इस प्रकार की हो जिसकी इकाई को निरीक्षण के विभिन्न वर्गों में कही वर्णन किया जा सके ।

बुगेल्सकी के अनुसार — "चर किसी घटना, किया या प्रकिया का वह पक्ष या स्वरूप है जो अपनी उपस्थिति से किसी दूसरी घटना या प्रकिया को जिसका अध्ययन किया जा रहा है, प्रभावित करें" अनुसंधान में दो प्रकार के चर महत्त्वपूर्ण हैं ।

1. स्वतंत्र चर
2. आश्रित चर

करलिंगर के अनुसार — स्वतंत्र चर किसी आश्रित चर का अनुमानित कारक है, तथा आश्रित चर स्वतंत्र चर का अनुमानित प्रभाव है ।

<u>स्वतंत्र चर</u> – टाउन सैण्ड के अनुसार – "स्वतंत्र चर वह राशि है जिसे प्रयोगकर्ता किसी निरीक्षित प्रपंच से सम्बन्धित करने के लिये घटाता – बढ़ाता है ।"

प्रस्तुत अध्ययन में संप्राप्ति स्तर बुद्धि, लब्धि, आयु वर्ग एवं सामयिक स्तर स्वतंत्र चर हैं ।

<u>आश्रित चर</u> – टाउनसैण्ड के अनुसार "आश्रित चर वह चर राशि है जो प्रयोगकर्ता द्वारा स्वतंत्र चर के प्रदर्शन पर प्रदर्शित हो, हटाने पर अदृश्य हो, तथा मात्रा के परिवर्तित होने पर परिवर्तित हो जाया"

प्रस्तुत अध्ययन में पारिवारिक , सांवेगिक, व्यावसायिक, स्कूल सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत विलिगी समस्यायें आश्रित चर है, क्योंकि संप्राप्ति स्तर, बुद्धिलब्धि एवं आयुवर्ग की भिन्नता से समस्यायें प्रभावित हो रही है ।

**3.6** <u>न्यादर्श</u> -- इकाईयों के समूचे समूह को जिसके लिये चर का मान निकालना अभीष्ट है जनसंख्या कहते हैं । किसी भी अनुसंधान के समग्र में व्यक्तियों को अध्ययन करना संभव नहीं है अतः उस समग्र से कुछ ऐसी इकाइयों का चयन कर लिया जाता है तो समग्र का प्रतिनिधित्व करता है और उन पर किये गये अध्ययन के आधार ही निष्कर्ष निकाले जाते हैं ।

<u>न्यायादर्श के उद्देश्य</u> :

1– अध्ययन को मितव्ययी बनाना ।

2– जनसंख्या का इतना स्पष्ट चित्र प्राप्त करना जितना की संभव हो सकता है ।

3– अनुमान की विश्वसनीयता को प्रकट करना ।

4– प्रतिचयन प्रसरण को कम करना ।

5– निष्कर्षो में परिशुद्धता तथा यर्थाथता के स्तरों को स्थापित करना ।

न्यादर्श के प्रकार :

न्यादर्श प्रणाली के देव न्यादर्श, त्वरित न्यादर्श, सोद्देश्य न्यादर्श आदि प्रकार हो सकते हैं । शोधकर्त्री ने प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में सौद्देश्य न्यादर्श प्रणाली को अपनाया है । सोद्देश्य न्यादर्श में अन्वेषक जनसंख्या के उस समूह की इकाइयों का अध्ययन करता है जिसे वह पूर्ण ज्ञान के आधार पर उस जनसंख्या का प्रतिनिधि समझता है या जिससे उसके उद्देश्य की पूर्ति होती है ।

अनुसंधानकर्ता ने इस अध्ययन में आँकड़े एकत्र करने हेतु जालौन जिले के 1200 किशोरों को संप्राप्ति स्तर, बुद्धिलब्धि, आयु वर्ग एवं सामाजिक स्तर की भिन्नता के आधार पर अध्ययन के रूप में लिया है ।

न्यादर्श – 1200 किशोर

सामाजिक स्तर के आधार पर न्यादर्श

| सामाजिक स्तर | किशोरों की संख्या |
|---|---|
| शहरी | 750 |
| ग्रामीण | 450 |

आयु वर्ग की भिन्नता के आधार पर शहरी एवं ग्रामीण किशोरो का न्यादर्श

| सामाजिक स्तर | किशोरो का आयु वर्ग | किशोरों की संख्या |
|---|---|---|
| शहरी किशोर | पूर्व किशोरावस्था | 250 |
| | मध्य किशोरावस्था | 250 |
| | उत्तर किशोरावस्था | 250 |
| ग्रामीण किशोर | पूर्व किशोरावस्था | 150 |
| | मध्य किशोरावस्था | 150 |
| | उत्तर किशोरावस्था | 150 |

संप्राप्ति स्तर के आधार पर शहरी किशोरों का न्यादर्श

बुद्धि लब्धि के आधार पर शहरी किशोरों का न्यादर्श

| संप्राप्ति स्तर | किशोरों की संख्या | बुद्धि लब्धि | किशोरों की संख्या |
|---|---|---|---|
| उच्च संप्राप्ति प्राप्त | 375 | उच्च बुद्धि लब्धि | 250 |
| निम्न संप्राप्ति प्राप्त | 375 | सामान्य बुद्धि लब्धि | 250 |
| | | निम्न बुद्धि लब्धि | 250 |

**सार्थकता के स्तर :**

निकाला गया अन्तर सांख्यिकीय रूप से सार्थक है या नहीं यह संभावना पर निर्भर करता है कि दिया गया अन्तर "संयोग" द्वारा प्रकट हो सकता है । यह प्रयोग के उद्देश्य पर भी निर्भर करता है, सामान्यतः अन्तर को उस समय सार्थक कहा जाता है जब दो न्यादर्श मध्यमानों के बीच का अन्तर उस जनसंख्या के प्रचलन के वास्तविक अन्तर की ओर संकेत करता है जिससे वे लिये गये है । सार्थक या निरर्थक के निर्णय से पूर्व कुछ आलोच्य बिन्दु संभाव्यता माप पर अवश्य निर्धारित करने चाहिये जो कि इन दो निर्णायक श्रेणियों को अलग करने में सहायक होगी । प्रस्तुत अनुसंधान में इन इच्छित स्तरों को चुनाव जिसे सांख्यिकी में सार्थकता के स्तर कहते हैं । .05 एवं .01 स्तर पर का मूल्य ज्ञात किया गया है ।

.01 स्तर से तात्पर्य है 100 प्रयासों में से एक बार अशुद्धता का दावा किया जा सकता है ।

.05 स्तर से तात्पर्य है 100 प्रयासों में पाँच बार अशुद्धता का दावा किया जा सकता है ।

शोधकर्त्री ने आदर्श मूलक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया है क्योंकि उसे अपने शोध में समस्याओं का तुलनात्मक अध्ययन करना है और तुलना, समानता एवं विभिन्नता के लिये

आदर्शमूलक सर्वेक्षण विधि का ही प्रयोग किया जाता है । तथ्य संकलन हेतु उन्होंने बुद्धि लब्धि जानने के लिये जलोटा का "साधारण मानसिक योग्यता परीक्षण" तथा समस्याओं के लिये स्वनिर्मित" युवा समस्या अभिसूची" का प्रयोग किया गया हैं ।

सांख्यिकी में पद मूल्यों का विचलन ज्ञात करने के लिये मध्यमान तथा उस विचलन का वर्ग ज्ञान कर औसत निकालने के लिये प्रमाणिक विचलन एवं प्रमाणिक त्रुटि एवं दो चर राशियाँ कहाँ तक एक दूसरे पर निर्भर करती हैं । यह जानने के लिये "टी अनुपात" का प्रयोग किया है ।

# सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1– भटनागर पारसनाथ चंद : अनुसंधान परिचय, आगरा लक्ष्मी नारायण अग्रवाल 1974, पृ0 273

2– बेरट जे0 डब्ल्यू0 : रिसर्च इन एजूकेशन, यू0एस0 प्रैन्टिस हाल 1959 पृ0 320

3– बुगेल्सकी बी0आर0 'अ फर्स्ट फोर्स इन एक्सपेरिमेन्टल साइकलॉजी हेनरी हाल्ट एण्ड कं0 न्यूयार्क ।

4– गैरेट एच0ई0, जनरल साइकोलॉजी, न्यू दिल्ली यूरेशिया पब्लिशिंग हाऊस 1964 पृ0 626

5– घोष एण्ड चौधरी, सांख्यिकी थ्योरी एण्ड प्रैक्टिस, पृ0 85

6– गुडे डब्ल्यू जे0 एण्ड हैट पी0के0 "मैथडस इन सोशल रिसर्च इन टोकियो – मैग्राहिल बुक कम्पनी 1952 पृ0 56

7– कोन बेक – इन्सैन्शियल आफ साइकोलोजिकल टैस्टिंग न्यूयार्क हार्पर एण्ड ब्रदर्स सन 1944, पृ0सं0 126

8– लेकन तथा मेयर "अण्डर स्टैण्डिंग एजूकेशन रिसर्च मैग्राहित बुक कम्पनी, न्यूयार्क पृ 54

9– टाउनसैण्ड जे0 सी0 "इण्टरोडेक्शन टू एक्सपेरीमेन्टल मैथेड, मैकग्राहिल बुक कम्पनी न्यूयार्क

10– येग पी0 वी0 काटेड बाई एम0 एन0 वर्मा "इन्टरोडेल्शन टू एजूकेशनल एण्ड साइकोलीजिकल रिसर्च लंदन । यूरेशिया पब्लिशिंग हाऊस 1945 पृ0 सं0 65

11– करलिंगर एफ0 एन0 "फाउन्डेशन आर्फ विहेवियरल रिसर्च एन0 वाई0 होल्ट, रिनहर्ट एण्ड विन्सटन

12– इडवार्ड ए0 एल0 "एक्सपेरीमेंटल डिजाइन इन साइकोलीजिकल रिसर्च, थर्ड एडीसन एन0 वाई0 होल्ट, रिनचर्ट एण्ड विन्सटन

13– फ्रीमेन एफ0 एस0 थियोरी एण्ड प्रेक्टिकल आर्फ साइकोलीजिकल टेस्टिंग, एन0 वाई0 होल्ट, रिनचर्ट एण्ड विन्सटन

14– गिलफोर्ड जे0 पी0 फन्डामेन्टल स्टैटस्टिक्स इन साइकोलीजिकल एण्ड एजूकेशन एन0 वाई0 मेकग्राहिल बुक कारपोरेशन ।

# चतुर्थ अध्याय

## प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

भौतिक संसार के समान सामाजिक संसार तथा मनोवैज्ञानिक संसार भी व्यवस्थित है । उनमें कमबद्धता है । यदि सामाजिक संसार में किसी प्रकार की व्यवस्था न होंती तो सामाजिक अध्ययनों के प्रदत्तों का विश्लेषण सम्भव नहीं होता। अनुसंधान प्रदत्तों के विश्लेषण का सामान्य उद्देश्य है सामाजिक और मनोवैज्ञानिक तथ्यों का पता लगाना,उनकी प्रकृत्ति का अध्ययन करना तथा तथ्यों के पारस्परिक सम्बन्धों का तथा उनको नियमित करने वाले सिद्वान्तों का पता लगाना ताकि प्रागुक्ति सम्भव हो । इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये अनुसंधानकर्ता शैक्षिक प्रदत्त के विश्लेषण एवं व्याख्या करता है ।

अनुसंधान या शोधकार्य में केवल तथ्यों का संकलन ही महत्वपूर्ण कार्य नहीं होता है। सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य तथ्यों को व्यवस्थित करके उनकी विश्लेषण एवं व्याख्या करता होता है । श्रीमती यंग ने लिखा है कि "यदि सुव्यवस्थित तथ्यों को सम्पूर्ण अध्ययन से सम्बन्धित किया जाये तो उनका एक महत्वपूर्ण सामान्य अर्थ प्रकट हो सकता है । जिसके आधार पर घटना की सप्रमाण व्याख्यायें प्रस्तुत की जा सकती हैं ।" तथ्यों का वर्गीकरण संकेतीकरण, व्याख्या विवरण,तुलना करने से विभिन्न तथ्यों को एक व्यवस्थित कमबद्व एवं संदीपन रूप मिल जाता है ।

प्रस्तुत अध्ययनार्थ आकड़े जालौन जिले से एकत्रित किये गयें हैं । सभी विद्यालयों से लगभग 2000 किशोरों पर परीक्षण प्रस्तुत किये गयें जिनमें से सम्प्राप्ति स्तर, बुद्विलब्धि स्तर आयुवर्ग एवं सामाजिक स्तर को ध्यान में रखते हुए 1200 किशोरों को अध्ययन हेतु चुना है ।

कुल न्यायदर्श – 1200 किशोर

सम्प्राप्ति स्तर कें आधार पर शहरी किशोरों का कुल न्यायदर्श – 750

उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोर – 375

निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोर – 375

बुद्विलब्धि के आधार पर शहरी किशोरो का कुल न्यायदर्श – 750

उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त किशोर – 250

सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त किशोर – 250

निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोर – 250

आयुवर्ग की भिन्नता के आधार पर शहरी एवं ग्रामीण किशोरों का कुल न्यायदर्श – 1200

शहरी किशोर – 750

पूर्व किशोरावस्था वाले किशोर – 250

मध्य किशोरावस्था वाले किशोर – 250

उत्तर किशोरावस्था वाले किशोर – 250

ग्रामीण किशोर – 450

पूर्व किशोरावस्था वाले किशोर – 150

मध्य किशोरावस्था वाले किशोर — 150

उत्तर किशोरावस्था वाले किशोर — 150

सामाजिक स्तर के आधार पर शहरी एवं ग्रामीण

किशोरों का न्यायदर्श — 1200

शहरी किशोर — 750

ग्रामीण किशोर — 450

न्यायदर्श का विश्लेषण निम्नांकित पदों कें अनुसार किया गया है ।

(1) मध्यमान एवं प्रामाणिक विचलन की गणना ।

(2) समूहों के मध्यमानों के मध्य सार्थक अन्तर की तुलना ।

(3) समूहों के मध्यमानों के मध्य अन्तर के लेखाचित्र ।

(4) आलोचनात्मक अनुपात एवं "टी" मूल्य की गणना ।

## सारिणी — 1

किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों का पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं की सारिणी ।

| समस्यायें | संप्राप्ति | कुल किशोर | कुल प्राप्तांक | मध्यमान | प्रामणिक विचलन | प्रामाणिक त्रुटि | आलोचनात्मक अनुपात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पारिवारिक | उच्च | 375 | 6000 | 16.00 | 7.50 | .58 | 11.51 XX |
| | निम्न | 375 | 85.06 | 22.68 | 8.60 | | |
| सांवेगिक | उच्च | 375 | 3724 | 9.93 | 4.20 | .322 | 8.91 XX |
| | निम्न | 375 | 4800 | 12.8 | 4.89 | | |
| व्यावसायिक | उच्च | 375 | 2040 | 5.44 | 3.69 | .21 | 1.19 |
| | निम्न | 375 | 2134 | 5.69 | 2.59 | | |
| शैक्षिक संबंधी | उच्च | 375 | 3406 | 9.08 | 8.60 | .70 | 7.07 XX |
| | निम्न | 375 | 5288 | 14.10 | 10.86 | | |
| शारीरिक | उच्च | 375 | 2280 | 6.08 | 4.81 | .513 | 3.54 XX |
| | निम्न | 375 | 32681 | 7.89 | 6.24 | | |
| सामाजिक | उच्च | 375 | 3202 | 8.54 | 3.37 | .256 | 4.88 XX |
| | निम्न | 375 | 3671 | 9.79 | 4.97 | | |
| व्यक्तिगत | उच्च | 375 | 2010 | 5.36 | 4.30 | .364 | 3.598 XX |
| | निम्न | 375 | 2610 | 6.96 | 5.61 | | |
| विलिंगी | उच्च | 375 | 4035 | 10.76 | 6.09 | .63 | .04 |
| | निम्न | 375 | 3735 | 9.96 | 6.12 | | |

X 0.05 स्तर पर 748डी0 एफ0 के लिए टी का मूल्य = 1.96

XX 0.01 स्तर पर 748 डी0 एफ0 के लिए टी का मूल्य = 2.58

सारिणी – 1:–

किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों का पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता ।

उपरोक्त सारिणी–1 में किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों का पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलंगी समस्याओं के मध्यमान, प्रामाणिक विचलन एवं प्रमाणिक त्रुटि दी गयी है । किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों का पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलंगी समस्याओं का ही अनुपात क्रमशः 11.51, 8.91, 1.19, 7.07, 3,54, 4,88, 3,59 एवं .04 है । 748 डी0 एफ0 के लिये .05 स्तर पर टी का मूल्य 1.96 एवं .01 स्तर पर 2.58 है । उपरोक्त सारिणी के अनुसार किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों का पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी,शारीरिक, सामाजिक, एवं व्यक्तिगत समस्याओं का ही अनुपात जो कि क्रमशः 11.51, 8.91, 7.07, 3.54, 4,88, एवं 3.59 है .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर सार्थक है क्योंकि उपरोक्त समस्याओं का टी मूल्य .05 स्तर पर दिये गये अपेक्षित टी मूल्य 1.96 एवं .01 स्तर पर 2.58 से अधिक है । व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य क्रमशः 1.19 एवं .04 है जो कि .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर असार्थक है, क्योंकि व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य .05 स्तर पर अपेक्षित 1.96 एवं .01 स्तर पर अपेक्षित मूल्य 2.58 से कम है । अतः यह स्पष्ट होता है कि किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति प्राप्त एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों का व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्याओं के अतिरिक्त उपरोक्त सभी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है, मध्यमानों के अन्तर को देखने से स्पष्ट होता है कि निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों का पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की तुलना में अधिक है ।

## सारिणी –2

पूर्व किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों का पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं की सारिणी।

| समस्यायें | संप्राप्ति | कुल किशोर | कुल प्राप्तांक | मध्यमान | प्रामणिक विचलन | प्रामाणिक त्रुटि | आलोचनात्मक अनुपात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पारिवारिक | उच्च | 125 | 1413 | 11.30 | 6.26 | .73 | 7.46 xx |
| | निम्न | 125 | 2094 | 16.75 | 6.32 | | |
| सांवेगिक | उच्च | 125 | 1024 | 8.19 | 4.89 | .60 | .646 xx |
| | निम्न | 125 | | 12.07 | 4.64 | | |
| व्यावसायिक | उच्च | 125 | 520 | 4.16 | 2.71 | .34 | 1.58 |
| | निम्न | 125 | 462 | 4.70 | 2.76 | | |
| शैक्षिक संबंधी | उच्च | 125 | 792 | 6.33 | 8.51 | .1.05 | 4.22 xx |
| | निम्न | 125 | 1347 | 10.77 | 8.21 | | |
| शारीरिक | उच्च | 125 | 670 | 5.36 | 4.28 | .61 | 5.29 xx |
| | निम्न | 125 | 1024 | 8.59 | 5.38 | | |
| सामाजिक | उच्च | 125 | 909 | 7.27 | 5.52 | .71 | 3.33 xx |
| | निम्न | 125 | 1205 | 9.64 | 5.76 | | |
| व्यक्तिगत | उच्च | 125 | 567 | 4.53 | 3.57 | .55 | 4.00 xx |
| | निम्न | 125 | 842 | 6.73 | 5.10 | | |
| विलिंगी | उच्च | 125 | 1010 | 8.98 | 6.91 | .88 | .43 |
| | निम्न | 125 | 963 | 7.70 | 7.04 | | |

x 0.05 स्तर पर 248डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 1.97

xx 0.01 स्तर पर 248 डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 2.59

(सारिणी 2) :--

पूर्व किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत, समस्याओं में सार्थक अन्तर होता ।

उपरोक्त सारिणी–2 में पूर्व किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, एवं विलिंगी समस्याओं के मध्यमान, प्रामाणिक विचलन, एवं प्रमाणिक त्रुटि दी गयी है पूर्व किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक एवं विलिंगी समस्याओं का टी अनुपात कमशः 7.46, 6. 46, 1.58, 4.22, 5.29, 3.33, 4.00, एवं .43 हैं । 248 डी0 एफ0 के लिये .05 स्तर पर टी का मूल्य 1.97, एवं .01 स्तर पर 2.59 है । उपरोक्त सारिणी के अनुसार पूर्व किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी, सामाजिक, एवं व्यक्तिगत समस्याओं का टी अनुपात जो कि कमशः 7.46, 6.46, 4.22, 5.09, 3.33, 4.00, है, जो कि .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर सार्थक हैं, क्योंकि उपरोक्त समस्याओं का टी मूल्य .05 स्तर पर दिये गये अपेक्षित टी मूल्य 1.97 एवं .01 स्तर पर 2.59 से अधिक है। व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य .कमशः 1.58 एवं .41 है जो कि .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर असार्थक है, क्योंकि व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य .05 स्तर अपेक्षित 1.97 एवं .01 स्तर पर अपेक्षित मूल्य 2.59 से कम है । अतः यह स्पष्ट होता है कि पूर्व किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति प्राप्त एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्याओं के अलावा उपरोक्त सभी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के अन्तर को देखने से स्पष्ट होता है कि निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक,सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

## सारिणी – 3

मध्य किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं की सारिणी।

| समस्यायें | संप्राप्ति | कुल किशोर | कुल प्राप्तांक | मध्यमान | प्रामणिक विचलन | प्रामाणिक त्रुटि | आलोचनात्मक अनुपात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पारिवारिक | उच्च | 125 | 1878 | 15.02 | 7.51 | 1.04 | 7.65 |
| | निम्न | 125 | 2873 | 22.18 | 8.92 | | xx |
| सांवेगिक | उच्च | 125 | 1258 | 1.06 | 3.70 | .568 | 5.52 |
| | निम्न | 125 | 1658 | 13.20 | 5.18 | | xx |
| व्यावसायिक | उच्च | 125 | 725 | 5.80 | 3.54 | .36 | 2.88 |
| | निम्न | 125 | 596 | 4.76 | 2.04 | | xx |
| शैक्षिक संबंधी | उच्च | 125 | 983 | 7.86 | 5.84 | .1.03 | 5.55 |
| | निम्न | 125 | 1698 | 13.58 | 9.95 | | xx |
| शारीरिक | उच्च | 125 | 867 | 6.93 | 3.92 | .580 | 1.72 |
| | निम्न | 125 | 992 | 7.93 | 5.17 | | |
| सामाजिक | उच्च | 125 | 1131 | 9.04 | 4.03 | .56 | 3.98 |
| | निम्न | 125 | 1409 | 11.27 | 4.82 | | xx |
| व्यक्तिगत | उच्च | 125 | 816 | 6.52 | 4.11 | .57 | 2.98 |
| | निम्न | 125 | 1028 | 8.22 | 4.89 | | xx |
| विलिंगी | उच्च | 125 | 1368 | 10.94 | 6.06 | .748 | .739 |
| | निम्न | 125 | 1378 | 11.02 | 5.63 | | |

x 0.05 स्तर पर 248डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 1.97

xx 0.01 स्तर पर 248 डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 2.59

(सारिणी 3) :–

मध्य किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है ।

उपरोक्त सारणी–3 में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं के मध्यमान, प्रामाणिक विचलन एवं प्रामाणिक त्रुटि दी गई है । मध्य किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं का टी अनुपात कमशः 7.65, 5.52, 2.28, 5.55, 1.72, 3.98, 2.98, एवं .739 हैं । 248 डी0 एफ0 के लिये .05 स्तर पर टी का मूल्य 1.97, एवं 0.01 स्तर पर 2.59 है, उपरोक्त सारिणी के अनुसार मध्य किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, सामाजिक, एवं व्यक्तिगत समस्याओं का टी अनुपात जो कि कमशः 7.65, 5.52, 2.28, 5.55, 3.98, 2.98, .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर सार्थक हैं, क्योंकि उपरोक्त समस्याओं का टी मूल्य .05 स्तर पर दिये गये अपेक्षित टी मूल्य 1.97 एवं .01 स्तर पर 2.59 से अधिक है। शारीरिक एवं विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य .कमशः 1.72 एवं .739 है जो कि .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर असार्थक हैं। क्योंकि शारीरिक एवं विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य .05 स्तर अपेक्षित 1.97 एवं .01 स्तर पर अपेक्षित मूल्य 2.59 से कम है, अर्थात् मध्य किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति प्राप्त एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की शारीरिक एवं विलिंगी समस्याओं के अलावा उपरोक्त सभी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के अन्तर से स्पष्ट होता है कि निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक,सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है, एवं व्यावसायिक समस्यायें अपेक्षाकृत कम है ।

## सारिणी – 4

उत्तर किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं की सारिणी।

| समस्यायें | संप्राप्ति | कुल किशोर | कुल प्राप्तांक | मध्यमान | प्रामणिक विचलन | प्रामाणिक त्रुटि | आलोचनात्मक अनुपात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पारिवारिक | उच्च | 125 | 2103 | 16.82 | 6.94 | .953 | 9.18 xx |
| | निम्न | 125 | 3197 | 25.57 | 8.10 | | |
| सांवेगिक | उच्च | 125 | 1441 | 11.52 | 3.86 | .51 | 5.82 xx |
| | निम्न | 125 | 1812 | 14.49 | 4.23 | | |
| व्यावसायिक | उच्च | 125 | 706 | 5.64 | 2.46 | .29 | 2.68 x |
| | निम्न | 125 | 803 | 6.42 | 2.14 | | |
| शैक्षिक संबंधी | उच्च | 125 | 1664 | 13.31 | 11.20 | 1.38 | 3.74 xx |
| | निम्न | 125 | 2310 | 18.48 | 10.75 | | |
| शारीरिक | उच्च | 125 | 1081 | 8.65 | 5.14 | .67 | 3.30 xx |
| | निम्न | 125 | 1357 | 10.86 | 5.46 | | |
| सामाजिक | उच्च | 125 | 1150 | 9.20 | 3.96 | .52 | 2.96 xx |
| | निम्न | 125 | 1343 | 11.74 | 4.31 | | |
| व्यक्तिगत | उच्च | 125 | 802 | 6.41 | 4.30 | .62 | 3.72 xx |
| | निम्न | 125 | 1090 | 8.72 | 5.38 | | |
| विलिंगी | उच्च | 125 | 1687 | 13.49 | 5.44 | .706 | 1.74 |
| | निम्न | 125 | 1533 | 12.26 | 5.73 | | |

x 0.05 स्तर पर 248डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 1.97

xx 0.01 स्तर पर 248 डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 2.59

(सारिणी 4) :—

उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है ।

उपरोक्त सारणी–4 में किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं के मध्यमान, प्रामाणिक विचलन एवं प्रामाणिक त्रुटि दी गई है । मध्य किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं का टी अनुपात कमशः 9.18, 5.82, 2.68, 3.74, 3.30, 2.96, 3.72 एवं .259 हैं । उपरोक्त सारिणी के अनुसार उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, सामाजिक, एवं व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक समस्याओं का टी अनुपात जो कि कमशः 9.18, 5.82, 2.68, 3.74, 3.30, 2.96, 3.72 है । .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर सार्थक हैं, क्योंकि उपरोक्त समस्याओं का टी मूल्य .05 स्तर पर दिये गये अपेक्षित टी मूल्य 1.97 एवं .01 स्तर पर 2.59 से अधिक है । विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य 1.74 है जो कि .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर असार्थक है क्योंकि विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य .05 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 1.97 एवं .01 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 2.59 से कम है, अर्थात् उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की विलिंगी समस्याओं के अतिरिक्त उपरोक्त सभी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के अन्तर से स्पष्ट होता है कि निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उत्तर किशोरावस्था की उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

## सारिणी – 5

किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं की सारिणी।

| समस्यायें | बुद्विलब्धि | कुल किशोर | कुल प्राप्तांक | मध्यमान | प्रामणिक विचलन | प्रामाणिक त्रुटि | आलोचनात्मक अनुपात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पारिवारिक | उच्च | 250 | 3876 | 15.50 | 6.81 | .72 | 5.00 xx |
| | सामान्य | 250 | 4715 | 19.10 | 9.22 | | |
| सांवेगिक | उच्च | 250 | 2376 | 9.50 | 4.97 | .42 | 5.73 xx |
| | सामान्य | 250 | 2978 | 11.91 | 4.34 | | |
| व्यावसायिक | उच्च | 250 | 1594 | 6.37 | 3.25 | .23 | 12.47 xx |
| | सामान्य | 250 | 875 | 3.50 | 1.73 | | |
| शैक्षिक संबंधी | उच्च | 250 | 2806 | 11.22 | 10.51 | .94 | .23 |
| | सामान्य | 250 | 2860 | 11.44 | 10.44 | | |
| शारीरिक | उच्च | 250 | 1702 | 6.81 | 3.59 | .36 | 2.80 xx |
| | सामान्य | 250 | 1956 | 7.82 | 4.40 | | |
| सामाजिक | उच्च | 250 | 2211 | 8.84 | 3.96 | .38 | 2.71 xx |
| | सामान्य | 250 | 2468 | 9.87 | 4.54 | | |
| व्यक्तिगत | उच्च | 250 | 1070 | 4.28 | 3.07 | .33 | 13.51 xx |
| | सामान्य | 250 | 2186 | 8.74 | 4.29 | | |
| विलिंगी | उच्च | 250 | 3295 | 13.18 | 5.61 | .57 | 6.96 xx |
| | सामान्य | 250 | 2390 | 9.56 | 6.96 | | |

x 0.05 स्तर पर 498डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 1.96

xx 0.01 स्तर पर 498 डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 2.59

<u>सारिणी – 5</u> :

किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक , सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है ।

उपरोक्त सारिणी 5 में किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं के मध्यमान, प्रमाणिक विचलन एवं प्रमाणिक त्रुटि दी गई है । किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं का टी अनुपात क्रमशः 5.00, 5.73, 12.47, .23, 2.80, 2.71, 13.51, 6.96 है । 498 डी0एफ0 के लिये .05 स्तर पर टी का अपेक्षित मूल्य 1.96 एवं .01 स्तर पर टी का अपेक्षित मूल्य 2.59 है । उपरोक्त सारिणी के अनुसार किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं का टी अनुपात क्रमशः 5.00 , 5.73, 12.47, 2.71, 2.80, 13.51 एवं 6.96 है जो कि .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर सार्थक है । क्योंकि उपरोक्त समस्याओं का टी मूल्य .05 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 1.96 एवं .01 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 2.59 से अधिक है । शैक्षिक सम्बन्धी समस्याओं का टी मूल्य .23 दोनों ही स्तर . 05 एवं .01 पर असार्थक है क्योंकि यह .05 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 1.96 एवं .01 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 2.59 दोनों से ही कम है । अर्थात् किशोरावस्था में उच्च एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की शैक्षिक संबंधी समस्याओं को छोड़कर अन्य सभी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के अन्तर से स्पष्ट होता है कि किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों से अपेक्षाकृत अधिक है एवं व्यावसायिक समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है एवं व्यावसायिक समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

## सारिणी – 6

किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं की सारिणी।

| समस्यायें | बुद्विलब्धि | कुल किशोर | कुल प्राप्तांक | मध्यमान | प्रामणिक विचलन | प्रामाणिक त्रुटि | आलोचनात्मक अनुपात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पारिवारिक | उच्च | 250 | 3876 | 15.50 | 6.81 | .75 | 8.24 XX |
| | निम्न | 250 | 5170 | 21.68 | 9.62 | | |
| सांवेगिक | उच्च | 250 | 2376 | 9.50 | 4.97 | .43 | 6.83 XX |
| | निम्न | 250 | 3111 | 12.44 | 4.60 | | |
| व्यावसायिक | उच्च | 250 | 1594 | 6.37 | 3.25 | .27 | 4.51 XX |
| | निम्न | 250 | 1287 | 5.15 | 2.81 | | |
| शैक्षिक संबंधी | उच्च | 250 | 2806 | 11.22 | 10.51 | .97 | .86 |
| | निम्न | 250 | 3016 | 12.06 | 11.12 | | |
| शारीरिक | उच्च | 250 | 1702 | 6.80 | 3.59 | .45 | 3.33 XX |
| | निम्न | 250 | 2074 | 8.30 | 6.18 | | |
| सामाजिक | उच्च | 250 | 2211 | 8.84 | 3.96 | .39 | 4.18 XX |
| | निम्न | 250 | 2670 | 10.68 | 4.72 | | |
| व्यक्तिगत | उच्च | 250 | 1070 | 4.28 | 3.07 | .42 | 5.57 XX |
| | निम्न | 250 | 1707 | 6.82 | 5.87 | | |
| विलिंगी | उच्च | 250 | 3295 | 13.18 | 5.61 | .54 | 5.42 XX |
| | निम्न | 250 | 2563 | 10.25 | 6.37 | | |

X 0.05 स्तर पर 498डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 1.96

XX 0.01 स्तर पर 498 डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 2.59

<u>सारिणी –6</u> :

किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है ।

उपरोक्त सारिणी 6 में किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं के मध्यमान, प्रामाणिक विचलन एवं प्रामाणिक त्रुटि दी गयी है । किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं का टी अनुपात कमशः 8.24, 6.83, 4.51, .86, 3.33,4.18, 5.57 एवं 5.42 है । 498 डी0एफ0 के लिये टी का अपेक्षित मूल्य 1.96, .05 स्तर पर एवं .01 स्तर पर 2.59 है । उपरोक्त सारिणी के अनुसार किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य कमशः 8.24, 6.83, 4.51, 3.33, 4.18, 5.57 एवं 5.42 है । जो कि .05 एवं .01 दोनों ही स्तर सार्थक है, क्योंकि उपरोक्त समस्याओं के टी मूल्य .05 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 1.96 एवं .01 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 2.59 से अधिक है । शैक्षिक संबंधी समस्याओं का टी मूल्य (.86) .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर असार्थक है , क्योंकि शैक्षिक संबंधी समस्याओं का टी मूल्य .86 है जो कि .05 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 1.96 एवं .01 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 2.59 से कम है । अर्थात् किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों को स्कूल संबंधी समस्याओं के अलावा अन्य सभी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के अन्तर को देखने से स्पष्ट होता है कि किशोरावस्था में निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है । एवं व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

## सारिणी – 7

किशोरावस्था में सामान्य बुद्विलब्धि एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं की सारिणी।

| समस्यायें | बुद्विलब्धि | कुल किशोर | कुल प्राप्तांक | मध्यमान | प्रमाणिक विचलन | प्रामाणिक त्रुटि | आलोचनात्मक अनुपात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पारिवारिक | सामान्य | 250 | 4715 | 18.86 | 9.22 | .70 | 2.60 x |
| | निम्न | 250 | 5170 | 20.68 | 9.52 | | |
| सांवेगिक | सामान्य | 250 | 2978 | 11.91 | 4.08 | .48 | 1.11 |
| | निम्न | 250 | 3111 | 12.44 | 6.58 | | |
| व्यावसायिक | सामान्य | 250 | 875 | 3.50 | 1.73 | .21 | 7.84 xx |
| | निम्न | 250 | 1287 | 5.15 | 2.81 | | |
| शैक्षिक संबंधी | सामान्य | 250 | 2860 | 11.44 | 10.44 | .96 | .65 |
| | निम्न | 250 | 3016 | 12.06 | 11.12 | | |
| शारीरिक | सामान्य | 250 | 1956 | 7.82 | 4.40 | .48 | .99 xx |
| | निम्न | 250 | 2074 | 8.30 | 6.18 | | |
| सामाजिक | सामान्य | 250 | 2468 | 9.87 | 4.54 | .41 | 1.97 |
| | निम्न | 250 | 2670 | 10.68 | 4.72 | | |
| व्यक्तिगत | सामान्य | 250 | 2186 | 8.74 | 4.29 | .46 | 4.17 xx |
| | निम्न | 250 | 1707 | 6.82 | 5.87 | | |
| विलिंगी | सामान्य | 250 | 2390 | 9.56 | 6.96 | .60 | 1.15 |
| | निम्न | 250 | 2563 | 10.25 | 6.37 | | |

x 0.05 स्तर पर 498डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 1.96

xx 0.01 स्तर पर 498 डी0 एफ0 के लिए टी का अपेक्षित मूल्य = 2.59

<u>सारिणी — 7</u> :

किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, व्यावसायिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

उपरोक्त सारिणी 38 में उत्तर किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं के मध्यमान, प्रामाणिक विचलन एवं प्रामाणिक त्रुटि दी गई है । उत्तर किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं का टी अनुपात कमशः 6.61, 3.44, 2.75, 2.10, 3.25, 3.35, 4.00 एवं .63 है । उत्तर किशोरावस्था में पारिवारिक, सांवेगिक व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं का टी मूल्य कमशः 6.61, 3.44, 2.75, 3.25, 3.35 एवं 4.00 है, ये सभी टी मूल्य .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर सार्थक है, क्योंकि 398 डी0एफ0 के लिये .03 स्तर पर टी का अपेक्षित मूल्य 1.97 एवं .01 स्तर पर 2.59 है । उपरोक्त सभी टी मूल्य .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर अपेक्षित मूल्यों से अधिक है । शैक्षिक संबंधी समस्याओं का टी मूल्य 2.10 है जो कि .05 स्तर पर सार्थक है क्योंकि .05 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 1.97 से अधिक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है क्योंकि .01 स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य 2.59 से कम है । विलिंगी समस्याओं का टी मूल्य .63 है जो कि .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर असार्थक है । क्योंकि .63 टी मूल्य .05 एवं .01 दोनों ही स्तर पर अपेक्षित टी मूल्य से कम है । अर्थात् उत्तर किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की विलिंगी समस्याओं के अतिरिक्त अन्य सभी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर देखने से स्पष्ट होता है कि उत्तर किशोरावस्था में ग्रामीण किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें शहरी किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. किंग डब्ल्यू आई – 'दि एलीमेंट ऑफ स्टीटस्किल मैथड

2. थलैल आर0 एच0 – साइटिंफिक मैथड एण्ड यूज स्टैटिस्किस दि स्टडी आफ सोसायटी

3. यंग पी0 वी0 – सांइटिफिक्सोशल सर्विसेज एण्ड रिसर्च बंबई, एशिया हाऊस, 1960 पृ0 509

4. गैरेट एच0 ई0 – शिक्षा निकेतन मनोविज्ञान में सांख्यिकी, लुधियाना पब्लिशर्स सन् 1952.

5. घोष एवं चौधरी : स्टेटिस्कि थ्योरी एण्ड प्रैक्टिस, टेन्थ एडीशन

6. किंग डब्ल्यू आई – दि एलीमेंट आर्फ स्टटिस्किल मैथड

7. थ्लैस आर0 एच0 – साइंटिफिक मैथ एण्ड यूज ऑफ स्टेटिक्स दि स्टडी ऑफ सोसायटी

# पंचम अध्याय

## उपलब्धियाँ एवं निष्कर्ष

सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक संसार में कमबद्धता है इसलिये अनुसंधान के निष्कर्षो का प्रस्तुतिकरण तर्कयुक्त स्पष्ट एवं वैज्ञानिक ढंग से किया जाना आवश्यक है ताकि निष्कर्षो का उचित सदुपयोग किया जा सके। प्रस्तुत अध्ययन में किशोंरों की सम्प्राप्ति स्तर, बुद्धि लब्धि एवं सामाजिक स्तर की विभिन्नता को दृष्टिगोचर रखते हुए, उससे सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं यथा पारिवारिक, सांवेगिक,व्यावसायिक, शैक्षिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलंगी समस्याओं का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है ।

प्राकल्पनाओं को स्वीकार व अस्वीकार करने हेतु 'टी' टेस्ट आदि सांख्यिकी का प्रयोग करके जो भी निष्कर्ष प्राप्त हुये हैं वह इस अध्याय में प्रस्तुत है –

5.1 <u>उपलब्धियाँ एवं निष्कर्ष</u> :

(1) **संकियात्मक प्राकल्पना** : किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

चतुर्थ अध्याय में दिये गये परीक्षण एवं परिणाम विश्लेषण के आधार पर किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्याओं के अतिरिक्त पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक शारीरिक सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोरों के वनिस्पत अधिक है । अर्थात् किशोरावस्था में संप्राप्ति स्तर किशोरों की समस्याओं पर सार्थक रूप से असर डालती है ।

(2) **संकियात्मक प्राकल्पना** : पूर्व किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक , व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण पर पूर्व किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्याओं के अतिरिक्त परिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के अन्तर के आधार पर निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोंरों की पारिवारिक, सांवेगिक,शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक होती है।

(3) **संकियात्मक प्राकल्पना :** मध्य किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी,शारीरिक , सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर मध्य किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की शारीरिक एवं विलिंगी समस्याओं के अलावा पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक शैक्षिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के अन्तर के आधार पर निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी , सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है । एवं व्यावसायिक समस्यायें उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

(4) **संकियात्मक प्राकल्पना :** उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी , शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी मूल्य के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न संप्राप्ति किशोरों की विलिंगी समस्याओं के अतिरिक्त अन्य सभी पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक,

सांवेगिक, व्यावसायिक,शैक्षिक संबंधी , शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उत्तर किशोरावस्था की उच्च संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(5) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की शैक्षिक संबंधी समस्याओं को छोड़कर अन्य सभी समस्याओं – पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों से अपेक्षाकृत अधिक है एवं व्यावसायिक समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

(6) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी , शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर किशोरावस्था में उच्च बुद्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की शैक्षिक संबंधी समस्याओं के अतिरिक्त पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के अन्तर के आधार पर किशोरावस्था में निम्न बुद्धि लब्धि किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है , व्यावसायिक, एवं विलिंगी समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

(7) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विशलेषण के आधार पर किशोरावस्थो में सामान्य बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, व्यावसायिक, शारीरिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है एवं सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर किशोरावस्था में निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, व्यावसायिक एवं शारीरिक समस्यायें, सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है एवं व्यक्तिगत समस्यायें अपेक्षाकृत कम है ।

(8) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : पूर्व किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक , शैक्षिक संबंधी, शारीरिक सामाजिक व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर पूर्व किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर पूर्व किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शारीरिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है । एवं व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

(9) **सांकियात्मक प्राकल्पना** : पूर्व किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर पूर्व किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है एवं पारिवारिक तथा शैक्षिक संबंधी समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के अन्तर के आधार पर पूर्व किशोरावस्था में निम्न बुद्धि लब्धि वाले किशोरों की सांवेगिक, शारीरिक, सामाजिक, एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है एवं व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्यायें अपेक्षाकृत कम है ।

(10) **सांकियात्मक प्राकल्पना** : पूर्व किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

(11) **सांकियात्मक प्राकल्पना** : मध्य किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिके, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी मूल्य के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर मध्य किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यांवसायिक,शैक्षिक संबंधी, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । शारीरिक एवं सामाजिक समस्याओं से कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के अन्तर के आधार पर मध्य किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी एवं

व्यक्तिगत समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है । एवं व्यावसायिक एवं विलिंगी समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर मध्य किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । एवं शारीरिक समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के अन्तर के आधार पर मध्य किशोरावस्था में निम्न बुद्धि लब्धि वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिके संबंधी, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है एवं व्यावसायिक और विलिंगी समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

(12) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : मध्य किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर मध्य किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक एवं सामाजिक समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । पारिवारिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर मध्य किशोरावस्था में निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक एवं सामाजिक समस्यायें सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोंरो की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(13) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । शैक्षिक संबंधी, शारीरिक एवं सामाजिक समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उत्तर किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक होती है एवं व्यावसायिक और विलिंगी समस्यायें उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम होती है ।

(14) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक , व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । एवं व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक एवं सामाजिक समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उत्तर किशोरावस्था में निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें उच्च बुद्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है एवं विलिंगी समस्यायें अपेक्षाकृत कम है ।

(15) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** उत्तर किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उत्तर किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, एवं विलिंगी

समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उत्तर किशोरावस्था में निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक एवं व्यावसायिक समस्यायें सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है एवं सांवेगिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

(16) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** किशोरावस्था में पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर किशोरावस्था में पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी,शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(17) संक्रियात्मक प्राकल्पना : किशोरावस्था में मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर किशोरावस्था में मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है एवं पारिवारिक तथा व्यक्तिगत समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर किशोरावस्था में उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं विलिंगी समस्यायें मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(18) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : उच्च संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उच्च संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है एवं सांवेगिक तथा शैक्षिक संबंधी समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उच्च संप्राप्ति प्राप्त मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(19) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : उच्च संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उच्च संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उच्च संप्राप्ति प्राप्त उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाली किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(20) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : उच्च संप्राप्ति प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी मूल्य के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उच्च संप्राप्ति प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी, सामाजिक एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है किन्तु पारिवारिक, व्यावसायिक, शारीरिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है, मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उच्च संप्राप्ति प्राप्त उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी एवं विलिंगी समस्यायें मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक होती है एवं सामाजिक समस्यायें मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत कम होती है ।

(21) **संकियात्मक प्राकल्पना** : निम्न संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर निम्न संपाप्ति प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है एवं शारीरिक समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर निम्न संप्राप्ति प्राप्त मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरो की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(22) **संकियात्मक प्राकल्पना** : निम्न संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर निम्न संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के मध्य

अन्तर के आधार पर उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(23) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** निम्न संप्राप्ति प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर निम्न संप्राप्ति प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरो की सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर निम्न संप्राप्ति प्राप्त उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक एवं विलिंगी समस्यायें मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(24) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरो की व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है किन्तु पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के अनुसार उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(25) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरो की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है। व्यावसायिक समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(26) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरो की सांवेगिक, शैक्षिक सम्बन्धी, सामाजिक, एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । पारिवारिक, व्यावसायिक, शारीरिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उच्च बुद्विलब्धि प्राप्त उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, शैक्षिक संबधी, सामाजिक एवं विलिंगी समस्यायें मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(27) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरो की पारिवारिक, शैक्षिक संबधी एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है। सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, शैक्षिक संबधी एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(28) **संकियात्मक प्राकल्पना** : सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरो की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है। शारीरिक समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर को देखने से स्पष्ट होता है कि सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(29) **संकियात्मक प्राकल्पना** : सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरो की सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, सामाजिक, व्यवित्तगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है। पारिवारिक एवं शारीरिक समस्याओं में

सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर सामान्य बुद्धिलब्धि प्राप्त उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(30) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरो की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है। शारीरिक समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(31) **संक्रियात्मक प्राकल्पना** : निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी मूल्य के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरो की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, सामाजिक, एवं विलिंगी समस्याओं के मध्य सार्थक अन्तर होता है। शारीरिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर निम्न बुद्धिलब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, सामाजिक, एवं विलिंगी समस्यायें पूर्व किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(32) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी मूल्य के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरो की पारिवारिक, सांवेगिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है। व्यावसायिक एवं शैक्षिक संबधी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की व्यावसायिक एवं स्कूल संबधी, समस्याओं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

(33) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक , सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है । मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर किशोरावस्था में ग्रामीण किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें शहरी किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है । विलिंगी समस्याओं शहरी किशोरों की अपेक्षाकृत कम है ।

(34) **संक्रियात्मक प्राकल्पना :** पूर्व किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर पूर्व किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक एवं सामाजिक समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है एवं पारिवारिक, शैक्षिक संबंधी, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है। मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर पूर्व किशोरावस्था में ग्रामीण किशोरों की व्यावसायिक, शारीरिक, सांवेगिक एवं सामाजिक समस्यायें शहरी किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक होती है।

(35) **सांख्यिकीय प्राकल्पना :** मध्य किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है।

टी अनुपात के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर मध्य किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है। मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर मध्य किशोरावस्था में ग्रामीण किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें शहरी किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है। विलिंगी समस्यायें शहरी किशोरों की अपेक्षाकृत कम है।

(36) **सांख्यिकीय प्राकल्पना :** उत्तर किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है।

टी मूल्य के परीक्षण एवं विश्लेषण के आधार पर उत्तर किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं में सार्थक अन्तर होता है। विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है। मध्यमानों के मध्य अन्तर के आधार पर उत्तर किशोरावस्था में ग्रामीण किशोरों की पारिवारिक,

सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें शहरी किशोरों की अपेक्षाकृत अधिक है ।

5.2 प्रमुख उपलब्धियाँ :

प्रस्तुत शोध अध्ययन में किशोरों की संप्राप्ति स्तर बुद्धि लब्धि, आयु वर्ग एवं सामाजिक स्तर की भिन्नता का पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं पर क्या प्रभाव पडता है ? इस प्रश्न का उत्तर देता है ।

उपरोक्त तथ्यों के परीक्षण के लिये 'टी अनुपात' का प्रयोग किया गया है । जिनमें निर्मित प्राक्कल्पनाओं के अनुसार निम्नांकित क्षेत्रों में 0.01 तथा 0.05 स्तर पर सार्थकता देखने को मिलती है ।

(1) किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(2) पूर्व किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(3) मध्य किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(4) उत्तर किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । व्यावसायिक समस्यायें केवल .05 स्तर पर सार्थक है .01 स्तर पर असार्थक है ।

(5) किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । शारीरिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(6) किशोरावस्था में उच्च बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(7) किशोरावस्था में सामान्य बुद्धि लब्धि एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक एवं शारीरिक समस्यायें .05 स्तर पर सार्थक है एवं .01 स्तर पर असार्थक है । व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(8) पूर्व किशोरावस्था में उच्च एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की व्यावसायिक, शारीरिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । पारिवारिक एवं सांवेगिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(9) पूर्व किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । विलिंगी समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(10) पूर्व किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(11) मध्य किशोरावस्था में उच्च एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । शैक्षिक संबंधी समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(12) मध्य किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । शैक्षिक संबंधी समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है .01 स्तर पर असार्थक है ।

(13) मध्य किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की सांवेगिक एवं व्यावसायिक समस्यायें .05 स्तर एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । सामाजिक समस्यायें .05 स्तर पर सार्थक है एवं .01 स्तर पर असार्थक है ।

(14) उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक , व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(15) उत्तर किशोरावस्था में उच्च एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । व्यक्तिगत समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है .01 स्तर पर असार्थक है ।

(16) उत्तर किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । सांवेगिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(17) किशोरावस्था में पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है, सांवेगिक एवं शारीरिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(18) किशोरावस्था में पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर असार्थक है ।

(19) किशोरावस्था में मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । सामाजिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(20) उच्च संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । व्यक्तिगत समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(21) उच्च संप्राप्ति पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक , शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 स्तर पर सार्थक है ।

(22) उच्च संप्राप्ति प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । सामाजिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(23) निम्न संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक , शैक्षिक संबंधी एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याये .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(24) निम्न संप्राप्ति प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । व्यक्तिगत समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(25) निम्न संप्राप्ति प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । सांवेगिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(26) उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की व्यावसायिक, शारीरिक, सामाजिक एवं बिलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(27) उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है पारिवारिक समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है सामाजिक एवं विलिंगी समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है, .01 स्तर पर असार्थक है ।

(28) उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था के किशोरों की सांवेगिक एवं स्कूल संबंधी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है सामाजिक एवं विलिंगी समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है, .01 स्तर पर असार्थक है ।

(29) सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था के किशोरों की शैक्षिक संबंधी एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है किन्तु पारिवारिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है पर .01 स्तर पर असार्थक है ।

(30) सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था के किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(31) सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था के किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । शैक्षिक संबंधी एवं सामाजिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(32) निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त पूर्व एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । सामाजिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(33) निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त पूर्व एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक हैं सांवेगिक एवं सामाजिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(34) निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की व्यावसायिक समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । शैक्षिक संबंधी समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है, .01 स्तर पर असार्थक है ।

(35) किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 स्तर पर सार्थक है । विलिंगी समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(36) पूर्व किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक एवं सामाजिक समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है ।

(37) मध्य किशोरावस्था में ग्रामीण एव शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है । व्यावसायिक समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक हैं किन्तु .01 स्तर पर असार्थक है ।

(38) उत्तर किशोरावस्था में ग्रामीण एवं शहरी किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शारीरिक, साामजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें .05 एवं .01 दोनों स्तर पर सार्थक है , शैक्षिक संबंधी समस्यायें .05 स्तर पर तो सार्थक है किन्तु 0.1 स्तर पर असार्थक है ।

## 5.3 ज्ञात की गई समस्याओं के आधार पर सुझाव :

किशोरावस्था में किशोरों का व्यवहार अधिकांशतः परिवर्तनशील होता है। इस अवधि में उनके समक्ष अनेकानेक समस्यायें उभरती है । जिनका निदान अत्यन्त आवश्यक होता है ।

(1) स्वतंत्र रूप से बढते जाने का प्रयास करते हुए भी किशोरों को अपने माता–पिता के परामर्श और स्नेह की आवश्यकता बनी रहती है । यद्यपि विकास के सामान्य क्रम में उसे संभवतः प्रचुर एकांत की चाह रहती है तथापि माता–पिता का स्नेह इस अवस्था में बहुत जरूरी रहता है जिससे वो अपने हृदय की बात कह सके । पर एक हद तक किशोरों की समस्याओं में परिवार का बहुत बड़ा हाथ होता है । कुछ महत्वाकांक्षी माता–पिता किशोरों की रूचि–क्षमता एवं भावनाओं को ध्यान न रखकर उन पर अपनी इच्छाओं को थोपते हैं । इसके लिये अभिभावकों को निर्देशान्मुख करना चाहिये ताकि वे उनकी योग्यता, रूचि, बुद्धि, अभिवृत्ति एवं व्यक्तित्व आदि से परिचित हो सके एवं किशोरों से उनके अनुकूल ही अपेक्षायें रख सके ।

(2) वातावरण इस प्रकार निर्मित किया जाये कि किशोरों का संवेगात्मक विकास हो सके, वे हीन भावना से ग्रसित न हो सके इसके लिये विद्यालय क्रियाओं में उनको अधिकाधिक भाग लेने के लिये प्रोत्साहन दिया जाये । संवेगों के उचित नियंत्रण हेतु विभिन्न रचनात्मक कार्य कराये जाये, सामूहिक रूप से कार्य कराने की प्रवृत्ति विकसित की जाये । जिससे किशोरों के सामाजिक संबंध अच्छे बन सके ।

(3) स्कूल संबंधी समस्याओं में किसी विषय का कठिन लगना, अध्ययन के अतिरिक्त समय न मिलना, कक्षा में मन न लगने से सम्बन्धित समस्यायें किशोरों के सामने आती हैं विषयों को दैनिक जीवन से समबद्ध करके पढ़ाया जाना चाहिये, उन्हें अधिक समय अध्ययन के लिये दिया जाये । स्कूल संबंधी समस्याओं की जानकारी दी जाये ताकि किशोरों की समस्याओं को सुलझाया जा सके । इसके लिये उन्हें व्यक्तिगत निर्देशन दिया जाये । कमजोर किशोरों के

लिये अतिरिक्त अध्यापन की सुविधा दी जाये । आर्थिक रूप से असमर्थ किशोरों को भी अतिरिक्त सहायता दी जाये ।

(4) किशोरावस्था में किशोरों को उनकी योग्यता एवं रूचि के अनुसार व्यवसाय चुनाव करने हेतु व्यावसायिक निर्देशन भी देना चाहिये क्योंकि यही वक्त है जब किशोर अपने जीवन–भवन की नींव रखते हैं ।

(5) किशोरों के शरीर में होने वाले परिवर्तनों के प्रति भी उसे सचेत करना चाहिये उसकी आशंकाओं एवं भयो का निर्मूल्यन करना चाहिये ।

(6) विपरीत लिगी साथियों के प्रति आकर्षण एवं सामाजिक रोक–टोक इस अवस्था की किशोरों के सामने एक प्रमुख समस्या के रूप में उपस्थित होती है । किशोरों को उचित निर्देशन देकर उनमें स्वस्थ सम्बन्ध स्थापित करने की शक्ति जागृत करनी चाहिये । विपरीत लिंगी मित्रों के साथ किशोरों के मित्रतापूर्ण स्वस्थ सम्बन्धों को माता–पिता एवं शिक्षकों को स्वीकार करना चाहिये । समस्याग्रस्त किशोरों के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार करना चाहिये ताकि उनके अन्दर हीन भावना न आये एवं उचित विकास हो सके ।

### 5.4 अध्ययन की शैक्षिक उपयोगिता :

कोई भी अनुसंधान अथवा शोध प्रयास तभी सार्थक हो सकता है जबकि उसके द्वारा प्राप्त निष्कर्ष समाजोपयोगी हो । यह शोध प्रबन्ध भी संप्राप्ति स्तर की भिन्नता, आयु वर्ग की भिन्नता, बुद्धि लब्धि की भिन्नता एवं सामाजिक स्तर की भिन्नता का किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाता है । इस अध्ययन से पता चलता है कि –

(1) बुद्धि स्तर की भिन्नता किशोरों की समस्याओं पर प्रभाव डालती है अर्थात् निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों में समस्याओं की अधिकता होती है । कदाचित् इसका कारण उनकी हीन भावना, शिक्षकों एवं परिवार जनों की उपेक्षा हो सकती है ।

(2) बुद्धि स्तर की भिन्नता किशोरों की समस्याओं पर प्रभाव डालती है अर्थात् उच्च बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों से सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की एवं सामान्य बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों से निम्न बुद्धि लब्धि प्राप्त किशोरों की समस्यायें अधिक होती है । कदाचित ही बुद्धि समस्याओं की गम्भीरता पर प्रभाव डालती है ।

(3) आयु वर्ग की भिन्नता किशोरों की समस्याओं पर प्रभाव डालती है ।

(4) सामाजिक स्तर की भिन्नता भी किशोरों की समस्याओं पर अपनी स्पष्ट छाप छोड़ती है ।

अर्थात् उपरोक्त चारों तथ्यों को ध्यान में रखकर अगर किशोरों की समस्याओं के लिये उन्हें निर्देशन दिया जाये तो समस्याओं का एक हद तक निदान सम्भव है ।

5.5 <u>अध्ययन की सीमायें</u> :

1. प्रस्तुत अध्ययन में केवल जालौन जिले की पूर्व, मध्य एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों को लिया गया है ।

2. किशोरावस्था के केवल उच्च एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों को ही लिया गया है ।

3. उच्च, निम्न एवं सामान्य बुद्धि लब्धि स्तर वाले किशोरों का ही तुलनात्मक अध्ययन किया गया है ।

4. शहरी एवं ग्रामीण किशोरों को ही अध्ययनार्थ लिया गया है ।

5. किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं को ही लिया गया है ।

5.6 <u>आगामी अध्ययन हेतु सुझाव</u> :

शोधकर्ता ने इस तथ्य का पूर्ण ज्ञान करके जिस समस्या का समाधान तथा अध्ययन करने की चेष्टा की थी वह तो अपेक्षाकृत पूर्ण रही । प्रत्येक शोध कार्य में किसी समस्या के एक अथवा कुछ अंशों तक अध्ययन किया जाता है बाकी पक्ष अछूते रह जाते हैं । शोधकत्री का विचार है कि न्यायदर्श तथा उपकरणों की दृष्टि से इसी अध्ययन को व्यापक तथा विस्तृत बनाने की

आवश्यकता है प्रस्तुत अध्ययन के निष्कर्ष एवं सीमाओं को ध्यान में रखकर निम्नलिखित समस्याओं पर शोध कार्य किया जा सकता है ।

1. प्रस्तुत अध्ययन केवल जालौन जिले के किशोरों पर ही किया गया है यह अन्य क्षेत्रों की किशोरों पर भी किया जा सकता है ।

2. विषय वर्ग की भिन्नता के आधार पर भी यह अध्ययन संभव है ।

3. शासकीय एवं अशासकीय किशोरों की समस्याओं के आधार पर भी अध्ययन किया जा सकता है ।

4. सामाजिक आर्थिक स्तर की भिन्नता के आधार पर भी यह अध्ययन संभव है ।

5. समस्याओं के अन्य पक्षों पर भी अध्ययन संभव है ।

6. सुविधा प्राप्त एवं सुविधा विहीन किशोर किशोरियों की समस्याओं के आधार पर भी यह अध्ययन संभव है ।

7. शारीरिक रूप से विकलांग एवं सामान्य किशोर – किशोरियों की समस्याओं पर भी ये अध्ययन संभव है ।

## सारांश

विषय : संप्राप्ति स्तर, बुद्विलब्धि एवं आयु वर्ष की भिन्नता के सन्दर्भ में किशोरों की समस्याओं की अध्ययन

शोध छात्रा : कु0 शिखा श्रीवास्तव

निर्देशक : डा0 राम लखन विश्वकर्मा
शिक्षक शिक्षा विभाग
डी0 वी0 (पी0 जी0) कालेज
उरई

**अध्ययन के उद्देश्य :**

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध की सफलता के लिए निम्नाकिंत उद्देश्यों को निर्धारित किया गया है ।

(1) संप्राप्ति की भिन्नता के कारण समस्याओं पर पडने वाले प्रभाव का अध्ययन करना ।

(2) बुद्विलब्धि की भिन्नता के कारण समस्याओं पर पडने वालें प्रभाव का अध्ययन करना ।

(3) आयु वर्ग की भिन्नता के कारण समस्याओं पर पडने वालें प्रभाव का अध्ययन करना ।

(4) सामाजिक स्तर की भिन्नता के कारण समस्याओं पर पड़ने वालें प्रभाव का अध्ययन करना

(5) समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशन के लिए निर्देशन देना ।

**अध्ययन की प्राक्कल्पनायें :**

प्रस्तुत अध्ययन में शोधकर्ता ने निम्न वैचारिक प्राक्कल्पनाओं को अध्ययन का आधार बनाया है :–

(1) किशोरावस्था में संप्राप्ति स्तर की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

(2) किशोरावस्था में बुद्धिलब्धि स्तर की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

(3) किशोरावस्था में आयु परिवर्तन का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

(4) किशोरावस्था में सामाजिक स्तर की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

इन चार वैचारिक प्राक्कल्पनााओं को कमशः 38 संक्रियात्मक प्राकल्पनाओं में विभक्त किया गया है :—

1— <u>वैचारिक प्राक्कल्पना</u> :

किशोरावस्था में संप्राप्ति स्तर की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

<u>संक्रियात्मक प्राक्कल्पनायें</u> :

1. किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति किशोरों की पारिवारिक एवं सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

2. पूर्व किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक एवं सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

3. मध्य किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

4. उत्तर किशोरावस्था में उच्च संप्राप्ति एवं निम्न संप्राप्ति प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

2– **वैचारिक प्राक्कल्पना** :

किशोरावस्था में बुद्विलब्धि स्तर की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।

**संक्रियात्मक प्राक्कल्पनायें** :

5. किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक सम्बन्धी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

6. किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

7. किशोरावस्था में सामान्य बुद्विलब्धि एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

8. पूर्व किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

9. पूर्व किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

10. पूर्व किशोरावस्था में सामान्य बुद्विलब्धि एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

11. मध्य किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

12. मध्य किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

13. मध्य किशोरावस्था में सामान्य एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

14. उत्तर किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं सामान्य बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

15. उत्तर किशोरावस्था में उच्च बुद्विलब्धि एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

16. उत्तर किशोरावस्था में सामान्य बुद्विलब्धि एवं निम्न बुद्विलब्धि प्राप्त किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

3— **वैचारिक प्राक्कल्पना :**

किशोरावस्था में आयु वर्ग की भिन्नता का किशोरों की समस्याओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**संक्रियात्मक प्राक्कल्पनायें :**

17. किशोरावस्था में पूर्व किशोरावस्था एवं मध्य किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

18. किशोरावस्था में पूर्व किशोरावस्था एवं उत्तर किशोरावस्था वाले किशोरों की पारिवारिक, सांवेगिक, व्यावसायिक, शैक्षिक संबंधी, शारीरिक, सामाजिक, व्यक्तिगत एवं विलिंगी समस्याओं में सार्थक अन्तर नहीं होता है ।

